
RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 148 , शनिवार, 11 जुलाई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



योगिनी एकादशी पर देवराहा बाबा की मनाई गई 36वीं पुण्यतिथि 03


राष्ट्र निर्माण का माध्यम बना अभाविप का 78वां स्थापना दिवस सप्ताह 04

जब पूरी तरह हार मान चुकी थीं विद्या बालनः एक फोन कॉल ने बदल दी... 07


## संक्षिप्त समाचार

### बारिश की वजह से कब्रों से बाहर निकल आए मुर्दे !

#### यूपी के सहारनपुर में हड़कंप, सुनकर तुरंत दौड़े गांव वाले

सहारपुर (एजेंसी)। मानसून की पहली धमाकेदार बारिश ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुरुवार को जमकर कोहराम मचाया। एनसीआर में आने वाले गाजियाबाद और नोएडा की सड़कें लगभग थम सी गईं। गाड़ियों के जाम ने दोनों शहरों की रफ्तार को रोक दिया। कहीं सड़क धंसी तो कहीं पेड़ गिरे, आलम ये रहा है कि कुछ घंटों की बारिश ने अकेले




गाजियाबाद में 6 लोगों की जान ले ली। लेकिन, वेस्ट यूपी के सहारनपुर में इस बारिश ने वो किया, जिसे जानकर शायद आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएं। यहां भारी बारिश की वजह से पानी भरने के बाद मुर्दे अपनी कब्रों से बाहर निकल गए। मामला सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी इलाके में पड़ने वाले सैय्यद माजरा गांव का है। यहां हाईवे के किनारे पर एक कब्रिस्तान बना हुआ है। गुरुवार को भारी बारिश होने की वजह से कब्रिस्तान में भी पानी भर गया और कई जगहों पर मिट्टी धंस गई। कब्रों को नुकसान पहुंचा।

### टीएमसी के तीन पूर्व सांसद भाजपा में शामिल

#### पार्टी ने तीनों को उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया

कोलकाता (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस के तीन पूर्व राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बराइक गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने तीनों को बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा



चुनाव में टीएमसी की हार के बाद तीनों नेताओं ने राज्यसभा की सदस्यता और टीएमसी से इस्तीफा दे दिया था। तीनों ने ममता से नाराजगी जताई थी और कहा था कि पार्टी मनमाने ढंग से चल रही है। सुखेंदु ने 8 जून, सुष्मिता ने 10 जून और प्रकाश ने 11 जून को रिजाइन दिया था। बंगाल की इन तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 24 जुलाई को वोटिंग और काउंटिंग होगी। 14 जुलाई तक नामांकन, जांच 15 जुलाई को होगी।

### 12 % से ज्यादा अल्कोहल वाली दवा बिना प्रिस्क्रिप्शन नहीं मिलेगी

#### कफ सिरप और टॉनिक पर असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने 12 फीसदी से ज्यादा अल्कोहल मिक्स दवाओं की खुली बिक्री पर रोक लगा दी है। अब ये दवाएं डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना खरीदी या बेची नहीं जा सकेंगी। दवाओं के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सरकार ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में यह बदलाव किया है। नए नियम के तहत उन सभी पीने वाली दवाओं को 'शेड्यूल II1' कैटेगरी में शामिल कर दिया गया है। इनमें एथिल अल्कोहल की मात्रा



12त्न से ज्यादा होती है और जो 30 मिलीलीटर से बड़ी बोतल में बेची जाती हैं। मेडिकल स्टोर्स के लिए भी खास निर्देश हैं। अब मेडिकल स्टोर्स को इन दवाओं की बिक्री का पूरा रिकॉर्ड एक अलग रजिस्टर में रखना होगा। माकेट में मिलने वाले कई कफ सिरप और टॉनिक में अल्कोहल की मात्रा काफी ज्यादा होती है। बिना रोक-टोक या डॉक्टर की पर्ची के मिलने से कई लोग इनका इस्तेमाल नशे के लिए करने लगे थे। इसी दुरुपयोग को रोकने और दवाओं की बिक्री की सख्ती से निगरानी के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है।

## जगन्नाथ पुरी के राजा का राष्ट्रपति और पीएम को पत्र

### कहा-इस्कान का अलग समय पर रथयात्रा निकालना गलत, इससे परंपरा खत्म हो जाएगी

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** पुरी के गजपति महाराज दिव्यसिंह देव ने इस्कान की तरफ से अलग तिथियों पर जगन्नाथ रथयात्रा और स्नान यात्रा निकालने पर आपत्ति जताई है। दिव्यसिंह देव ने 8 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को लेटर लिखा है और हस्तक्षेप की मांग की है। दिव्यसिंह ने कहा कि इससे प्राचीन परंपरा खत्म हो जाएगी। गजपति महाराज दिव्यसिंह देब श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हैं। उनका कहना है कि इस्कान रथयात्रा का आयोजन ऐसी तारीखों पर कर रहा है, जो शास्त्रों के अनुसार नहीं हैं। इससे भक्तों की भावनाएं आहत हो रही हैं।

- **इस्कान ने विदेशों में पहले मनाया उत्सव-** इस्कान ने 21 जून को लंदन, 14 जून को न्यूयॉर्क सिटी और 5 जुलाई को सिडनी में रथयात्रा निकाली थी। लेकिन इस साल, स्नान पूर्णिमा 29 जून को थी और पुरी में मुख्य रथयात्रा 16 जुलाई को होगी। इस्कान का कहना है कि भगवान जगन्नाथ पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं के हैं। विदेशों में मौसम, स्थानीय परिस्थितियों और भक्तों की सुविधा को देखते हुए रथयात्रा की तारीखें अलग-अलग होती हैं ताकि ज्यादा लोग उत्सव में शामिल हों ।
- **मध्य प्रदेश में प्रस्तावित रथयात्राओं पर भी आपत्ति-** गजपति महाराज ने उज्जैन स्थित इस्कान मंदिर की ओर से 16 से 25 जुलाई के बीच मध्य प्रदेश के 66 स्थानों पर रथयात्रा आयोजित करने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार रथ यात्रा केवल आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से शुरू होने वाला 9 दिवसीय उत्सव है। उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास रचित स्कंद पुराण में भी भगवान जगन्नाथ ने स्वयं स्नान यात्रा और रथयात्रा की निर्धारित तिथि बताई हैं। ऐसे में मनमानी तिथियों पर आयोजित करना गलत है।
- **महाराज देव के पूर्वजों ने किया था मंदिर का पुनर्निर्माण-** वर्तमान गजपति महाराज दिव्यसिंह देव भोई वंश से हैं। यह वंश भगवान जगन्नाथ की परंपरा के संरक्षक के रूप में भी जाना जाता है। माना जाता है कि उन्होंने अफगान आक्रमणों के बाद पुरी में भगवान जगन्नाथ की पूजा-परंपरा को फिर से व्यवस्थित किया था और मंदिर की धार्मिक व्यवस्था को पुनर्स्थापित किया। परंपरा के अनुसार, वे भगवान जगन्नाथ के प्रमुख सेवक माने जाते हैं। रथ यात्रा के दौरान रथों पर सोने की झाड़ू से बुहारने की पवित्र सेवा होती है।



## सरकार ने भी माना ई 20 पेट्रोल से माइलेज पर असर

### ● इथेनॉल विवाद के बीच आया नितिन गडकरी का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में ई20 फ्यूल, यानी पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिलाने का मामला हर दिन नए मोड़ ले रहा है। देशभर की जनता माइलेज ड्रॉप होने और परफॉर्मेंस प्रभावित होने के साथ ही इंजन में कथित खराबी को लेकर अपनी आवाज मुखर कर रहे हैं। बिहार के पॉपुलर यूट्यूबर मनीष कश्यप के दावों ने जैसे आग में घी का काम किया और जब विवाद ज्यादा गहरा गया तो अब केंद्र की मोदी सरकार के एक अहम बाद स्वीकार की है। जी हां, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने माना कि ई20 पेट्रोल से माइलेज पर हल्का असर होता है, लेकिन गाड़ियों के इंजन में नहीं।




#### माइलेज पर मामूली असर

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक इंटरव्यू में स्वीकार किया कि इथेनॉल का कैलोरिफिक वैल्यू पेट्रोल से कम होता है, जिसके कारण माइलेज में मामूली गिरावट आ सकती है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रभाव बहुत ज्यादा नहीं है। सिटी ड्राइविंग कंडीशन (जैसे दिल्ली-मुंबई समेत अन्य महानगरों में ट्रैफिक में बार-बार ब्रेक लगाना) में माइलेज का अंतर ड्राइविंग स्टाइल पर ज्यादा निर्भर करता है, न कि केवल फ्यूल पर। ऐसे में जिस तरह की बातें फैलाई जा रही हैं कि ई20 से 20-40 फीसदी तक माइलेज घट गया है, यह भ्रामक है।

#### 'इंजन में खराबी की खबरें भ्रामक'

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर इंजन खराब होने की जो खबरें चल रही हैं, इससे गलत नैरेटिव सेट करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ई 20 को वाहन बनाने वाली कंपनियों द्वारा कड़े परीक्षणों के बाद ही मंजूरी दी गई है। गड़करी ने चुनौती दी कि कोई एक भी कार दिखाएं, जो ई 20 ईंधन के कारण खराब हुई हो। गडकरी की मानें तो कुछ मामलों में जांच के बाद पता चला कि इंजन की खराबी का कारण मिलावटी ईंधन था, न कि ई 20 फ्यूल। आपको बता दें कि हाल ही में यूट्यूबर मनीष कश्यप ने ई20 फ्यूल से अपनी टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस खराब होने का दावा किया और इसे लेकर नितिन गडकरी को जमकर कोसा, जिसके बाद ई20 फ्यूल को लेकर विवाद काफी ज्यादा फैल गया और सरकार को इस मामले में अब जवाब देना पड़ रहा है। ई20 फ्यूल से माइलेज और इंजन पर असर को लेकर स्पष्टीकरण जारी करने के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह भी बताया कि पुरानी गाड़ियों के लिए वाहन निर्माताओं को सर्विसिंग के दौरान वॉशर बदलने के निर्देश दिए गए हैं, जो कस्टमर के लिए पूरी तरह फ्री हैं। अब ये वॉशर रबर के बनाए जा रहे हैं, ताकि वे इथेनॉल के साथ बेहतर तरीके से काम कर सकें।

## शेख हसीना दिसंबर में बांग्लादेश लौटकर करेंगी खुद का सरेंडर

### ● पूर्व प्रधानमंत्री बोलीं-मौत आए तो अपनी मिट्टी पर आए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने देश वापस लौटने का एलान किया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स को दिए एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में शेख हसीना ने कहा कि वह



अपने वरिष्ठ पार्टी सहयोगियों के साथ दिसंबर के आसपास भारत में अपना निर्वासन खत्म कर स्वदेश लौटेंगी और कोर्ट में आत्मसमर्पण करेंगी। दरअसल, बांग्लादेश में मौत की सजा का सामना कर रहीं शेख हसीना ने कहा कि वे सरेंडर कर यह देखना चाहती हैं कि सरकार क्या करती है।

### उपचुनाव के लिए बीजेपी ने मप्र दतिया से आशुतोष तिवारी को बनाया उम्मीदवार



**भोपाल (एजेंसी)।** दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए बीजेपी ने उम्मीदवार घोषित कर दिया है। दतिया उपचुनाव के लिए बीजेपी ने आशुतोष तिवारी को टिकट दिया है। माना जा रहा था कि यहां से बीजेपी नरोत्तम मिश्रा को टिकट देगी।

## तमिलनाडु का सीएम बनने के बाद करूर पहुंचे विजय

### ● बोले-भगदड़ में हमने अपनी बहनों के बच्चों को खो दिया

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय शुक्रवार सुबह करूर पहुंचे। वे हाल ही में करूर में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र और कल्याणकारी सहायता प्रदान करने पहुंचे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि यहां 2025 में हुई भगदड़ की घटना को लेकर मुझे बहुत पीड़ा हुई। उस हादसे में हमने अपनी बहनों के बच्चों को खो दिया। मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह हवाई मार्ग से चेन्नई से रवाना हुए और उनके तिरुचिरापल्ली (तिरुची) हवाई अड्डे पहुंचने के बाद सड़क मार्ग से करूर पहुंचे। उनके स्वागत के लिए पूरे मार्ग पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत की तैयारियां की गईं। विजय करूर-सेलम बाइपास रोड स्थित एटलस कलैयारंगम मैदान पहुंचने से पहले लगभग 10 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इसके बाद वह वहां आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।



## मालदा में बांग्लादेश बॉर्डर पर फटक नहीं पाएंगे घुसपैठिए

### सुरक्षा का मेगा प्लान तैयार, बीएसएफ की मदद के लिए खुलेंगे नए थाने

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से लगने वाले बांग्लादेश इंटरनेशनल बॉर्डर पर घुसपैठ और तस्करी रोकने के लिए नए सिरे से फुलप्रूफ प्लानिंग की गई है। नई प्लानिंग में खुले इलाकों की बाड़बंदी, बीएसएफ की चौकसी के साथ लोकल पुलिस की तादाद बढ़ाने की तैयारी है। बॉर्डर पर निगरानी बढ़ाने और इन इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए तीन नए पुलिस स्टेशन और दो नई पुलिस चौकी बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। पुलिस स्टेशन और पुलिस चौकी बनते ही इलाके में 75 नए अफसर और 100 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हो जाएंगे। बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के साथ मिलकर काम करेगी।




- **बॉर्डर किनारे बसे गांवों को भी मिल जाएगी राहत-** हबीबपुर के बीजेपी विधायक और राज्य मंत्री जोएल मुर्मू ने बताया कि बांग्लादेश बॉर्डर से सटे मालदा के हबीबपुर, वैष्णवनगर और कालियाचक के बड़े हिस्से में अभी बाड़बंदी नहीं हुई है। खुले बॉर्डर के कारण निगरानी करना काफी मुश्किल हो जाता है। बांग्लादेश से घुसपैठ और उपद्रव की सूचना या शिकायत देने के लिए स्थानीय ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

## यूपी चुनाव के लिए बिहार से लाई जाएंगी 1300 ईवीएम

### ● जीपीएस से लैस रहेंगे लाने वाले वाहन, चुनाव आयोग की नजर भी

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। गौतमबुद्ध नगर में बिहार से 1300 ईवीएम मंगवाई जा रही हैं। साथ ही, प्रशासन मतदान केंद्रों के चयन में जुटा है और मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी चल रही है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसी को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और मतदान केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया जारी है। जिले में चुनावी मतदान व्यवस्था के लिए बिहार से ईवीएम मंगवाई जा रही हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इन्हें लाने की जिम्मेदारी तहसीलदार स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। **मतदाताओं की संख्या 15.05 लाख-** गौतमबुद्ध नगर में नोएडा, दादरी और जेवर तीन विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। एसआईआर के बाद जिले में मतदाताओं की संख्या 15.05 लाख रह गई है। चुनाव से पहले योग्य लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे।



## दान गिनने वाले 23 कर्मचारियों का इस्तीफा


### ● चढ़ावे में 10-20 रुपए के नोट बढ़े,500 के घटे ● सुप्रीम कोर्ट में 13 जुलाई को मामले की सुनवाई




**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 3 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। याचिकाओं में जांच सीबीआई को सौंपने और टीम के गठन के मांग की गई है। साथ ही, मंदिर में दान के प्रबंधन से जुड़े अलग-अलग विषयों की समीक्षा के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने की भी मांग की गई है। इधर, मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 23 कर्मचारियों ने गुरुवार को एक साथ इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि चोरी की घटना के बाद 10-20 रुपए के नोट बढ़ गए हैं, जिससे गिनती में ज्यादा समय लग रहा है। पहले 500 रुपए के नोटों की 70-80 गड्डियां बन जाती थीं, अब बमुश्किल 15 गड्डियां बन रही हैं। पहले काम दो शिफ्ट में होता था, लेकिन अब सुबह 9 बजे से 6 बजे तक एक ही शिफ्ट कर दी गई है। वेतन वही है और काम बढ़ गया है।

### माता सीता का मायका 'जानकी मंदिर' भी आहत

चढ़ावा चोरी से माता सीता का मायका जानकी मंदिर भी आहत है। श्रीराम का ससुराल पड़ोसी देश नेपाल के जनकपुर में है। मंदिर के महंत रोशन दास ने भगवान श्रीराम



के किसी मंदिर में ऐसी घटना न कभी देखी, न सुनी। मन व्यथित है, इसलिए सावन में जनकपुर से 5-7 लोग प्रभु श्रीराम के घर अयोध्या जाएंगे, सांत्वना देंगे और दर्शन कर लौट आएंगे।

### योगी बोले- राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वाले माफी मांगें

सीएम योगी ने शुक्रवार को बस्ती जिले के हरैया में सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा- पहले जो पैसा कब्रिस्तानों में खर्च होता था, वह अब भदेश्वर और तपसी धाम में लगाया जा रहा है। पहले वक्फ बोर्ड के नाम पर पैसा लूटा जाता था। सपा, बसपा और कांग्रेस वक्फ के नाम पर गरीबों को उजाड़ते थे। हमने उन्हें बसाने का काम किया है। उन्होंने कहा- ये रामभक्तों पर गोली चलाने वाले लोग हैं। हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का काम सपाइयों ने किया था। कर्ण मंदिर का विवाद भी सपाइयों ने ही खड़ा किया था। ये डराते थे कि अयोध्या में मंदिर बना तो खून की नदियां बहेंगी। हमने कहा था कि एक मच्छर भी नहीं मरेगा। सुमेरपुर में हमने भगवान राम और निषादराज की प्रतिमा स्थापित कराकर वहां का सौंदर्यीकरण कराया है। चढ़ावा चोरी विवाद के बीच राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा अयोध्या पहुंच गए हैं। रामलला के दर्शन के बाद वह मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल का 99.8% काम पूरा

**हाजीपुर**। उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सड़क संपर्क की तस्वीर बदलने वाली बहुप्रतीक्षित कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन गंगा पुल परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। परियोजना का करीब 99.8 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अगले सप्ताह इसके उद्घाटन की पूरी संभावना जताई जा रही है। उद्घाटन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर कार्यक्रम स्थल के चयन तक की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, पुल का उद्घाटन बिदुपुर की ओर से किया जाएगा। संभावना है कि 14 जुलाई से 17 जुलाई के बीच मुख्यमंत्री द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लोकार्पण किया जा सकता है। हालांकि, आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा अभी बाकी है। पुल के उद्घाटन को देखते हुए जिला प्रशासन और संबंधित विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप देने, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, यातायात प्रबंधन और वीआईपी मूवमेंट की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। यह पुल शुरू होने के बाद पटना, वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी और उत्तर बिहार के अन्य जिलों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। लंबे समय से इस परियोजना का इंतजार किया जा रहा था। इसके चालू होने से राजधानी पटना और उत्तर बिहार के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा, साथ ही महात्मा गांधी सेतु पर बढ़ते ट्रैफिक का दबाव भी कम होने की उम्मीद है। गुरुवार को पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने वैशाली के प्रशासनिक अधिकारियों, बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी एल एंड टी की टीम के साथ परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बिदुपुर साइड से मथुरा तक पुल और उससे जुड़े निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अंतिम चरण के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने रोजाना मॉनिटरिंग करने और सभी तकनीकी मानकों का पालन करते हुए तय समय सीमा के भीतर शेष कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया।

### वैशाली पुलिस ने पकड़ी 50 लाख की शराब

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस को 'ऑपरेशन नीलकंठ' के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी में पुलिस ने लगभग 50 लाख रुपए मूल्य की विदेशी शराब की एक बड़ी खेप जब्त की है। पुलिस और मद्य निषेध विभाग की टीम ने एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें शराब को बेहद चालाकी से छिपाया गया था। ट्रक के ऊपरी हिस्से में जीरा पानी की बोतलें रखी हुई थीं, जबकि उनके नीचे भारी मात्रा में विदेशी शराब की पेटियां थीं।



एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि ट्रक से कुल 6132 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। हालांकि, छापेमारी के दौरान ट्रक का चालक और खलासी मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने इस शराब खेप को मंगवाने वाले जिले के दो बड़े शराब माफियाओं, विपिन सिंह और पंकज ठाकुर की पहचान कर ली है। इन दोनों माफियाओं सहित फरार चालक और खलासी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दोनों मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### वैशाली पुलिस ने 4 चोरी की बाइक बरामद की

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इस मामले में एक कबाड़ी दुकानदार सहित तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई वैशाली थाना क्षेत्र से की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छोटू कुमार, सुजीत राय और कबाड़ी दुकानदार गंगा साह शामिल हैं। पुलिस ने गंगा साह की कबाड़ी दुकान से कुल चार मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इनमें प्राथमिकी में दर्ज तीन मोटरसाइकिलें और एक अतिरिक्त अपाचे मोटरसाइकिल शामिल है, जिसके संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि वैशाली पुलिस चोरी हुई मोटरसाइकिलों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही थी। यह मामला नंदलालपुर निवासी ओमप्रकाश तिवारी द्वारा अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था। ओमप्रकाश तिवारी ने बीते बुधवार को वैशाली थाने में आवेदन दिया था। त्वरित अनुसंधान, तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरफ्तार अभियुक्तों छोटू कुमार और सुजीत राय से गहन पूछताछ की गई। उनकी निशानदेही और स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपी छोटू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ बाइक चोरी, लूट और नंबर प्लेट बदलकर बाइक चलाने सहित कई मामले दर्ज हैं। अन्य गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस चोरी के वाहनों की खरीद-बिक्री और इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में आगे की जांच कर रही है। वैशाली पुलिस इस पूरे गिरोह के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### मुजफ्फरपुर में आपसी रंजिश में गोलीबारी

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के आपसी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मार दी गई। घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़ित की पहचान मीनापुर के प्रसाद गांव का निवासी मो. अफरोज(20) के तौर पर हुई है। घटना कांटी थाना क्षेत्र के कोठिया की है। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि अफरोज के पैर में गोली लगी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि जुनैद और उसके साथियों ने अफरोज को गोली मारी है। इन दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसमें पहले चाकूबाजी की घटना भी हो चुकी है। घायल अफरोज ने बताया कि गांव के ही एक युवक से उसका वर्ष 2024 से मारपीट को लेकर विवाद चल रहा है। इस मामले में वह पहले जेल भी जा चुका है। जेल से निकलने के बाद उसने मजार पर चादरपोशी की मन्नत मांगी थी। गुरुवार को चादरपोशी करके लौट रहा था और अगले दिन काम के सिलसिले में बाहर जाने वाला था। इसी दौरान दो युवकों ने उसे घेर लिया और फायरिंग कर दी। गोली उसके बाएं पैर में लगी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। कांटी पुलिस ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। वारदात पैसे के लेनदेन और आपसी रंजिश का परिणाम है। पुलिस जुनैद समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### 12 जुलाई को मुजफ्फरपुर आ सकते हैं सीएम

**मुजफ्फरपुर**। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 12 जुलाई को मुजफ्फरपुर आ सकते हैं। संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। हालांकि कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान शहर की बहुप्रतीक्षित सिकंदरपुर मरीन ड्राइव (रिवर फ्रंट) परियोजना समेत नगर विकास विभाग की कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास प्रस्तावित है। गुरुवार को जिलाधिकारी और एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संभावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम एमआईटी मैदान में आयोजित किए जाने की संभावना है। यहां से वे विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। विभागीय अधिकारियों को मंच, पंडाल, पार्किंग, पेयजल, बिजली, बैरिकेडिंग और अन्य व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। नगर विकास विभाग और बुडको की ओर से तैयार की गई सिकंदरपुर मरीन ड्राइव परियोजना का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री इसके अलावा लेक फ्रंट, रिवर फ्रंट, सिकंदरपुर स्टेडियम सहित नगर निगम की कई अन्य विकास योजनाओं का भी उद्घाटन कर सकते हैं। अधिकारियों की टीम अन्य पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की सूची भी अंतिम रूप देने में जुटी है।

# फतुहा में दूसरे दिन भी चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## स्टेट हाईवे किनारे अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर, लोगों को जाम से राहत मिलेगी

एजेंसी, पटना



पटना के फतुहा को वर्षों पुरानी जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद का विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। शुक्रवार को दूसरे दिन भी पूरी सख्ती के साथ अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। अभियान की शुरुआत महारानी चौक से हुई, जहां से नगर परिषद की टीम जेसीबी मशीनों के साथ फतुहा चौराहा की ओर बढ़ी और सड़क, नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया।

**अतिक्रमण हटाने से लोगों को जाम से राहत मिलेगीः** इस दौरान पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे के किनारे किए गए अतिक्रमण पर विशेष कार्रवाई की गई। सड़क की सीमा तक बढ़ाए गए निर्माण, अस्थायी दुकानें और अन्य अवैध ढांचों को चिन्हित कर ध्वस्त किया गया। प्रशासन का मानना है कि हाईवे किनारे बढ़ते अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है, जिससे रोजाना भीषण जाम की स्थिति बनती है। नगर परिषद की टीम ने अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया कि सड़क की निर्धारित सीमा के भीतर कोई भी अवैध निर्माण न रहे। अधिकारियों का कहना है कि सड़क चौड़ी होने से यातायात सुगम होगा और लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

**भारी पुलिस बल की तैनातीः** कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार के विरोध या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए महिला और पुरुष पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी पूरे अभियान के दौरान मौके पर मौजूद रहे और कार्रवाई की निगरानी करते रहे।

**11 जुलाई तक चलेगा अभियानः** नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण हटाने का अभियान 11 जुलाई तक लगातार चलाया जाएगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी भूमि पर दोबारा अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर परिषद की इस कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि यदि अभियान लगातार जारी रहा तो फतुहा के मुख्य मार्गों पर वर्षों से बनी जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

# पालीगंज में बाइक चोर गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना के पालीगंज में दुल्हिनबाजार थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 2 गांव में छापेमारी कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की दो बाइक और एक समरसेबल मोटर भी बरामद किया है।

**कुकरी बीघा और पाठक मिल्की गांव में छापेमारीः** पुलिस के अनुसार, दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बाइक चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। इसी बीच देर रात गुप्त सूचना मिली कि कुकरी बीघा और पाठक मिल्की गांवों में चोर गिरोह द्वारा चोरी का सामान छिपाकर रखा गया है।

**छापेमारी कतर 5 चोरों को गिरफ्तार कियाः** सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों गांवों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पाठक मिल्की गांव से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर कुकरी बीघा गांव में छापेमारी कर तीन अन्य चोरों को पकड़ा गया।

**दो बाइक और समरसेबल मोटर बरामदः** गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की दो बाइक और एक समरसेबल मोटर बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह चोरी की बाइक को कम कीमत पर दूसरे जिलों में बेच देता था।



❒ **कुकरी बीघा और पाठक मिल्की में छापेमारी, दो बाइक और मोटर बरामद**

**पूरे नेटवर्क की जांच जारीः** थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि गिरोह ने किन-किन इलाकों से बाइक चोरी की और अब तक कितने वाहनों की खरीद-बिक्री की है।

# राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास धंसी सड़क, यातायात प्रभावित

एजेंसी, पटना



पटना के व्यस्त राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास शुक्रवार को सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से यातायात प्रभावित हो गया। यह घटना राजेंद्र नगर टर्मिनल के सामने कुम्हरार से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर पंसिया होटल के समीप हुई। सड़क धंसने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के मोर्चा संभाला और यातायात को डायवर्ट कर दिया है। फिलहाल, दोनों ओर के वाहनों को एक ही लेन से निकाला जा रहा है, जिससे इस रोड पर जाम की स्थिति बन गई है। शाम के ऑफिस आवर को देखते हुए संबंधित विभाग ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करा दिया है, ताकि लोगों को अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

विभाग की ओर से मरम्मत कार्रवाई करते हुए धंसे हुए हिस्से को कंक्रीट से भर दिया गया है। कंक्रीट को सूखने और जमने में समय लगने के कारण सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग की गई है। फिलहाल, दोनों तरफ के वाहनों को एक ही लेन से निकाला जा रहा है, जिससे मार्ग पर गाड़ियों का दबाव बढ़ गया है। सड़क के दूसरे हिस्से में भी दरारें दिखने के कारण लोहे की पट्टियां बिछाई गई हैं। यात्रियों को जाम से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है।

राजेंद्र नगर में अंडरग्राउंड स्टेशन बन रहा है। इसके लिए टनल खुदाई का काम इसी साल शुरू हुआ था। रेलवे ने पटना मेट्रो को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) दे दिया था।

# पूर्व मुखिया का शव मिला, बहन बोली-पुलिस ने हत्या करवाई

एजेंसी, पटना

पटना के बिहटा में राघोपुर पंचायत के पूर्व मुखिया संजय कुमार यादव का शव मिलने के बाद जोरदार हंगामा हुआ। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बिहटा-बिक्रम मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। परिवार का कहना है, कल रात संजय यादव की परिजनों से बात हुई थी। वो पटना में था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। आज सुबह राघोपुर गांव के बधार में शव मिला है। परिजनों को शक है कि अपराधियों ने गला दबाकर हत्या की और शव को बधार में फेंक कर फरार हो गए। मृतक की बहन ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। बहन ने कहा, अपराधियों के साथ मिलकर थाना प्रभारी ने हत्या करवाई है। सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। जिससे 5 किमी लंबा जाम लग गया है। करीब 5 घंटे सड़क जाम रहा, जिसमें स्कूल बस भी फंसीं। लोगों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए पटना ट्रैफिक डीएसपी 5 और दानापुर 2 डीएसपी अमरेंद्र कुमार झा समेत तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई है। बाद में सिटी एसपी के समझाने के बाद लोगों ने जाम हटाया।

**बोरिंग के पास मिला शवः** शुक्रवार सुबह पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव के तरवां स्थित बोरिंग के पास पूर्व मुखिया संजय कुमार यादव का शव मिला। सुबह ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान संजय कुमार यादव का शव पड़ा देखा। इसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर FSL टीम टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। परिजनों का आरोप है कि संजय यादव की हत्या कर शव को फेंका गया है। पुलिस फिलहाल यह पता लगाने में जुटी है कि मामला हत्या का है या मौत किसी अन्य कारण से हुई है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



**तीन थानों की पुलिस पहुंची, परिजनों से तीखी बहसः** हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने बिहटा बिक्रम SH-2 को राघोपुर तीन मुहानी के पास जाम कर, आगजनी की।घटना की जानकारी मिलने के बाद बिहटा, IIT अम्हारा थाना और मनेर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद मृतक के परिजनों की पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक हुई। परिजनों का आरोप है कि संजय यादव की गला दबाकर हत्या की गई है और शव को बोरिंग के पास फेंका गया है।

♦ **पटना में 5 घंटे जाम रहा स्टेट हाईवे, आर्म्स एक्ट केस में 10 महीने से फरार था**

**कई आपराधिक मामलों में था नामजदः** पुलिस के मुताबिक, संजय कुमार यादव के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज थे। संजय यादव पर बिहटा थाना में आर्म्स एक्ट, रंगदारी, जमीन संबंधित मामले दर्ज था, जिसमें वो पिछले 10 महीने से फरार चल रहा था। पिछले साल अक्टूबर 2025 में संजय यादव के घर पर पटना पश्चिम के तत्कालीन सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी और उनके घर से अवैध हथियार में राइफल, कई जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। जिसमें उनके छोटे भाई मनोज कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। साथ इस मामले में संजय कुमार यादव भी नामजद आरोपी बनाए गए थे जो फरार चल रहे थे।

# हड़ताल में सरकार को दिन में तारे दिखा देंगे, पटना नगर निगम कंकड़बाग अंचल में कर्मियों का प्रदर्शन

एजेंसी, पटना



पटना नगर निगम के कर्मियों ने आज कंकड़बाग अंचल में प्रदर्शन किया। दैनिक कर्मियों के नियमति करने, आउटसोर्स व्यवस्था की समाप्ति कर आउटसोर्स कर्मियों का निगमकर्मी के रूप में एडजस्टमेंट, आउटसोर्स के द्वारा मानव बल की चोरी पर रोक, एसीपी और एमएसीपी पर नगर विकास विभाग द्वारा लगाए रोक को वापस लेने की मांग को लेकर निकाय कर्मियों ने 30 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया।

**हड़ताल के ऊपर भी कोई उग्र कार्य करना पड़े तो करेंगेः** इस दौरान आमसभा का भी आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता करते हुए हुए पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह ने कहा कि सरकार को जो करना है कर ले हम हड़ताल भी करेंगे और हड़ताल से ऊपर भी कोई उग्र कार्य करना पड़े तो भी करने को नहीं तैयार है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस में पैर धोकर गमछा से पैर पोछते है। वहीं दूसरी ओर बिहार सरकार उनका पद ही समाप्त कर दिया, जबकि बिहार में भी उनकी ही सरकार है।

**हड़ताल में सरकार और निगम प्रशासन को दिन में तारे दिखा देंगेः** प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सफाई कर्मी का पैर धोकर गमछा से पोछने वाले प्रधानमंत्री आज श्रमिकों का सारा अधिकार छीन रहे हैं।

❒ **अध्यक्ष बोले- उग्र कार्य करना पड़े तो करेंगे**


उन श्रमिकों में पटना सहित पूरे बिहार में सफाई कर्मियों की संख्या लगभग बयालीस हजार है। उन्होंने निगम प्रशासन के उस बयान को भी भ्रामक और बेबुनियाद बताया जिसमें कहा गया की सभी कर्मियों को दो सेट वर्दी और जूता दे दिया गया है। निगम प्रशासन के इस बयान से ये परिलक्षित होता है कि सामाचार पत्र में ये बयान देकर वो वर्दी घोटाला करना चाहते हैं। इस बार के हड़ताल में राज्य सरकार के साथ ही पटना नगर निगम प्रशासन को भी कर्मी दिन में तारा दिखा देंगे।

# कोचिंग विवाद में खान सर की जमानत पर फैसला टला

एजेंसी, पटना

पटना के चर्चित कोचिंग विवाद मामले में आज फैजल खान और दोनों बॉडी गार्ड के केस पर फिर सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद 13 जुलाई तक फैसला सुरक्षित रख लिया है। खान के वकील अरविंद कुमार ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले कल कोर्ट की ओर से सुनवाई के दौरान फैजल खान उर्फ खान सर की क्रिमिनल हिस्ट्री की मांग की गई थी।

इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से कहा गया है कि पुलिस की ओर से केस फाइल फाइनल कर दिया गया था। इसीलिए इस केस का जिक्र नहीं किया गया था। रौशन आनंद पक्ष की ओर से सत्या झा ने खान की जमानत का विरोध किया था। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि फैजल खान की ओर से क्रिमिनल हिस्ट्री छिपाई गई है। इसके बाद कोर्ट ने कल सुनवाई के बाद क्रिमिनल इंसीडेंस सबमिट करने के लिए कहा था।




बता दें कि पटना पुलिस की जांच में फैजल खान (खान सर) के दोनों बॉडीगार्ड्स के हथियारों के वेरिफिकेशन के दौरान अहम जानकारियां सामने आई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस हथियार से गोली चलवाई गई थी, वह तालेबर सिंह (34), निवासी कासगंज (उत्तर प्रदेश) का है, लेकिन उसके नाम पर जारी हथियार लाइसेंस का परमिट पूरे भारत के लिए मान्य नहीं पाया गया।

# 10 जिलों में बारिश, 17 में अलर्ट, नेपाल में बारिश से गंडक उफनाई

## गोपालगंज के स्कूल में भरा पानी, बगहा में बिजली आपूर्ति ठप

एजेंसी, पटना



बिहार में मानसून एक्टिव है। मौसम विभाग ने आज यानी शुक्रवार को राज्य के 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 12 जिलों में ऑरेंज, जबकि 5 में यलो अलर्ट है। पटना, बगहा, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सुपौल और कटिहार में मंगलवार सुबह में हल्की बारिश हुई। वहीं, दोपहर बाद जमुई में तेज बारिश हुई। कटिहार में भारी बारिश होने के कारण सड़कों पर एक से दो फीट पानी भर गया है। इससे दुकानों में भी पानी घुस गया है। एमजी रोड में जलजमाव की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं।

बगहा में गुरुवार रात से ही बारिश हो रही है। बारिश की वजह 15 घंटे से ग्रामीण इलाकों में बिजली नहीं हैं। वहीं नेपाल में हो रही लगातार बारिश से गंडक नदी का जलस्तर बढ़ गया है। वृद्धि वाल्मीकिनगर बराज से 1 लाख 5000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने निगरानी तेज कर दी है।

वहीं गोपालगंज सदर प्रखंड के जादोपुर स्थित उच्च माध्यमिक स्कूल में पानी भर गया है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार में वर्षा की गतिविधियां कमजोर रहीं, हालांकि इसका फैलाव काफी व्यापक रहा। राज्य में अब तक सामान्य से 53 प्रतिशत सामान्य से कम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

# 13 जुलाई को बांकीपुर से नामांकन भरेंगे प्रशांत किशोर

एजेंसी, पटना

पटना में जनसुराज ने पीसी की। प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने घोषणा की कि पार्टी के सूत्रधार और बांकीपुर से उम्मीदवार प्रशांत किशोर 13 जुलाई को सुबह 10 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। इसी दौरान शिक्षक रहमांशु सर ने भी जन सुराज का दामन थामा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें औपचारिक रूप से सदस्यता दिलाई। मनोज भारती ने बताया कि 13 जुलाई को सुबह 10 बजे सभी कार्यकर्ता और समर्थक छज्जूबाग स्थित स्काउट एंड गाइड मैदान में एकत्रित होंगे। वहां से प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समर्थक जुलूस के रूप में पटना समाहरणालय तक जाएंगे, जहां उनका नामांकन दाखिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी इस नामांकन को पूरी भव्यता और जनभागीदारी के साथ आयोजित करेगी।

**422 बूथ और 24 वार्डों में तेज हुआ चुनाव प्रचारः** जन सुराज के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार सौरभ ने दावा किया कि बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का चुनाव अभियान पूरी गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी 422 बूथों और 24 वार्डों में कार्यकर्ता सक्रिय हैं और लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। जनता का समर्थन प्रशांत किशोर के पक्ष में लगातार बढ़ रहा है और लोग उन्हें बिहार के मुद्दों को मजबूती से विधानसभा में उठाने वाले नेता के रूप में देख रहे हैं। कुमार सौरभ ने आरोप लगाया कि पिछले सात महीनों में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार का कार्यकाल "निरंकुश शासन" जैसा रहा है। उनके अनुसार बांकीपुर का यह चुनाव सिर्फ एक विधानसभा सीट का चुनाव नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति को नई दिशा देने का अवसर है। यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी से अधिक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कार्यशैली पर जनता का जनमत संग्रह साबित होगा। रूप से शिक्षक रहमांशु सर ने औपचारिक जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि चुनाव के बाद भी बड़ी संख्या में शिक्षित, बुद्धिजीवी और समाज के जागरूक लोग लगातार जन सुराज से जुड़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि रहमांशु सर जैसे शिक्षाविद के जुड़ने से पार्टी को वैचारिक मजबूती मिलेगी। पार्टी में शामिल होने के बाद रहमांशु सर ने कहा कि वे प्रशांत किशोर के उस अभियान का हिस्सा बने हैं, जो बिहार में मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा रहा है। बिहार की राजनीति आज भी जाति और धर्म के इर्द-गिर्द घूमती है। चुनाव में उम्मीदवार चयन से लेकर सीट बंटवारे तक जातीय समीकरणों की चर्चा होती है। रहमांशु सर ने कहा कि जन सुराज इन मुद्दों से अलग लोगों के अधिकार, शिक्षा, रोजगार और विकास की बात करती है। उनका कहना था कि पार्टी का मुख्य सवाल यह है कि बिहार के लोगों को उनका हक मिल रहा है या नहीं और राज्य को वह विकास मिल रहा है जिसकी जनता अपेक्षा करती है।



**शिक्षक रहमांशु सर पार्टी में हुए शामिल, स्काउट गाइड मैदान से समाहरणालय तक होगा शक्ति प्रदर्शन**

## संक्षिप्त समाचार

### मोतिहारी चीनी मिल की खाता-109 की जमीन नहीं बिकी, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**जिला प्रशासन का खंडन, हाईकोर्ट के आदेश का गलत अर्थ निकालकर फैलाई जा रही भ्रामक खबरें**

**बीएनएम@ मोतिहारी।** मोतिहारी चीनी मिल की भूमि, विशेषकर गैरमजरूआ खाता संख्या-109 की बिक्री को लेकर मीडिया और सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को जिला प्रशासन ने पूरी तरह भ्रामक और निराधार बताया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2023 के बाद से खाता संख्या-109 की भूमि का एक इंच भी क्रय-विक्रय नहीं हुआ है। अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पटना उच्च न्यायालय ने सिविल रिट जूरिस्डिक्शन केस संख्या-13711/2024 में 16 मई 2025 को पारित आदेश के तहत संबंधित भूमि को जिला प्रशासन की रोक सूची से हटाने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने कहा था कि याचिकाकर्ता द्वारा निष्पादित बिक्री विलेख के निबंधन में प्रशासन कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेश का यह अर्थ कतई नहीं है कि खाता संख्या-109 की जमीन की खरीद-बिक्री शुरू हो गई है। एक दिसंबर 2025 को रोक सूची से मुक्त होने के बाद भी उक्त खाते की भूमि की कोई रजिस्ट्री या हस्तांतरण नहीं हुआ है। प्रशासन ने बताया कि जिला अवर निबंधन कार्यालय से भी इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मंगाई गई, जिसमें पुष्टि हुई कि खाता संख्या-109 की भूमि की कोई रजिस्ट्री नहीं हुई है। इसलिए आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों और असत्यापित खबरों पर विश्वास न करें। अपर समाहर्ता ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जो न केवल अनुचित है बल्कि माननीय उच्च न्यायालय की गरिमा के भी प्रतिकूल है। ऐसे लोगों के खिलाफ न्यायालय के आदेश के आलोक में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि खाता संख्या-109 की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि इस संवेदनशील मामले में केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें और किसी भी शंका की स्थिति में संबंधित विभाग से संपर्क करें।

### फेसबुक पर देशी कट्टे की तस्वीर पोस्ट करना पड़ा भारी, हथियार व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने सोशल मीडिया पर देशी कट्टे की तस्वीर पोस्ट करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध फेनहारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 9 जुलाई को फेनहारा थाना के सरकारी मोबाइल पर फेसबुक पर देशी कट्टे की तस्वीर अपलोड किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पकड़ीदयाल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार चंदन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फेसबुक अकाउंट की पहचान की। इसके आधार पर जलंधर सहनी, पिता स्वर्गीय रामचन्द्र सहनी, निवासी गोढ़िया हराज, थाना शिकारगंज (वर्तमान पता-मधुरापुर, थाना फेनहारा) के घर पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान उसके बेड पर तकिए के नीचे से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा एक मोबाइल बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में फेनहारा थाना कांड संख्या 159/26 दर्ज कर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन या आपराधिक गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में पकड़ीदयाल एसडीपीओ कुमार चंदन, फेनहारा थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक वीर राज, अभिषेक कुमार पासवान, महल चौकीदार विन्देश्वरी राय तथा फेनहारा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### होम डिलीवरी करने वाले दो शराब कारोबारी गिरफ्तार, अलग कार्रवाई में 36 लीटर नेपाली शराब के साथ दो तस्कर दबोचे

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने शराब तस्करी और होम डिलीवरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर थाना एवं कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब, नकदी और मोटरसाइकिल भी जब्त की है। नगर थाना पुलिस ने शराब की होम डिलीवरी की सूचना पर छापेमारी कर हनुमानगढ़ निवासी राजा बाबू गुप्ता एवं निखिल गुप्ता को बिना नंबर की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से शराब बिक्री के 15,140 रुपये नकद, 750 एमएल की गोल्डन कलेक्शन रिजर्व व्हिस्की की 9 बोतल, बीयर की 3 बोतल तथा ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक की एक बोतल बरामद की गई। पुलिस ने सभी सामान जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, कुंडवा चैनपुर थाना पुलिस ने ग्राम बरवा खुर्द के पास वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार कमलेश कुमार, पिता जोखन राय, निवासी चित्रहीय तथा रत्नेश कुमार, पिता रामभु पासवान, निवासी संजौली जमुनिया, थाना कोटवा, को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 120 बोतल नेपाली देशी शराब (कुल 36 लीटर) एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि जिले में शराब कारोबार और तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। शराब की खरीद-बिक्री, परिवहन अथवा होम डिलीवरी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### राशन कार्ड से कटे पात्र लाभुकों के नाम फिर जोड़े जाएंगे, वेबसाइट अपडेट के बाद शुरू होगी प्रक्रिया

**बीएनएम@ मोतिहारी।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शहर के समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की शुरुआत में अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। वहीं बैठक में बताया गया कि जिले में जुलाई माह के खाद्यान्न का वितरण जारी है और अब तक करीब 45 प्रतिशत लाभुकों के बीच राशन का वितरण किया जा चुका है। साथ ही 99.8 प्रतिशत लाभार्थियों का आधार सीडिंग तथा 87 प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य पूरा कर लिया गया है। बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि सह उपमहापौर ने राशन कार्ड से कुछ पात्र लोगों के नाम कटने का मुद्दा उठाते हुए उन्हें पुनः जोड़ने की मांग की। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पात्र लाभुकों के नाम जोड़ने और नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर अपडेट का कार्य चलने के कारण फिलहाल नए राशन कार्ड बनाने और नाम जोड़ने की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। वेबसाइट अपडेट पूरा होते ही यह प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाने वाले सहयोग शिविरों की भी जानकारी दी और पात्र लाभुकों से इन शिविरों का लाभ उठाने की अपील की।

### तृतीय मेरिट सूची के आधार पर नामांकन 11 जुलाई तक, अब तक 190 छात्रों ने लिया प्रवेश

**बीएनएम@ मोतिहारी।** स्नातक सत्र 2026-30 में विश्वविद्यालय द्वारा जारी तृतीय मेरिट सूची के आधार पर नामांकन की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गई है। शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस महाविद्यालय में नामांकन के लिए कुल 474 छात्र-छात्राओं की सूची भेजी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम तक कला संकाय में 145 तथा विज्ञान संकाय में 45 छात्र-छात्राओं ने नामांकन करा लिया है। मीडिया प्रभारी ने छात्रों से निर्धारित तिथि के भीतर नामांकन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शुल्क जमा करने के बाद सभी छात्र-छात्राओं को अपने आवश्यक दस्तावेजों का महाविद्यालय में सत्यापन कराकर उन्हें नामांकन काउंटर पर जमा करना अनिवार्य है।

# खाद तस्करी : प्रेस विज्ञप्ति में नाम, लेकिन प्राथमिकी से गायब! आखिर किसे बचा रही है पुलिस?

बीएनएम@ सागर सूरज

**मोतिहारी/सिकरहना।** भारत-नेपाल सीमा से सटे पूर्वी चंपारण के सिकरहना अनुमंडल में उर्वरक की कालाबाजारी और नेपाल तस्करी को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों से जिला प्रशासन और कृषि विभाग लगातार छापेमारी कर बड़ी मात्रा में उर्वरक जब्त कर रहे हैं, लेकिन इन कार्रवाइयों के बीच स्थानीय पुलिस की भूमिका भी अब संदेह के घेरे में आ गई है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिला पदाधिकारी की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में नकली उर्वरक बनाने वाले व्यक्ति का नाम दर्ज है, तो उसी मामले की दर्ज प्राथमिकी से उसका नाम आखिर कैसे गायब हो गया?. जबकि विज्ञप्ति मे इन पर भी प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही गयी थी।

यह केवल एक नाम का मामला नहीं, बल्कि पूरी कार्रवाई की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता है।

**पहला मामलाः मीडिया की खबर के बाद खुला गोदाम-** कुछ दिन पहले कुंडवा चैनपुर क्षेत्र में एक कथित व्यवसायी के यहां पुलिस ने एक ट्रक पर लदे सैंकड़ो की संख्या की बोरा यूरिया उर्वरक जब्त किए थे। उस समय स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया था कि उसी व्यवसायी के गोदाम में भी हजारों बोरा यूरिया रखा हुआ है।

लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पुलिस ने केवल ट्रक की जब्ती दिखाई। गोदाम में रखे उर्वरक का न तो कोई उल्लेख किया गया और न ही तत्काल कार्रवाई हुई।

इसके बाद 'बॉर्डर न्यूज़ मिरर' ने इस पूरे मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर सामने आने के बाद दोबारा गोदाम में छापेमारी हुई और वहां से भी बड़ी मात्रा में उर्वरक जब्त किया गया।

**ऐसे में बड़ा सवाल उठता है-** क्या सिकरहना पुलिस मीडिया के बताने के बाद ही कार्रवाई करती है?



यदि गोदाम में उर्वरक पहले से मौजूद था, तो पहली छापेमारी में उसे क्यों नहीं जब्त किया गया? आखिर किसे बचाने की कोशिश की जा रही थी?

**दूसरा मामलाः प्रेस विज्ञप्ति और FIR में बड़ा विरोधाभास-** जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 6 जुलाई 2026 की रात बनकटवा प्रखंड के बड़हरवा, रेगनिया, आठमोहन और बीजबनी गांवों में एसएसबी की 71वीं बटालियन, स्थानीय पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर लगभग 2000 बैग उर्वरक बरामद किया।

प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से कहा गया कि कालाबाजारी में संलिप्त जावेद अंसारी, विश्वनाथ राय, सिकंदर राय, सिखु राय और सुधीर राय के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

इतना ही नहीं, प्रेस विज्ञप्ति में यह भी उल्लेख है कि अगरवा गांव निवासी प्रमोद राय और मदन राय नकली डीएपी उर्वरक तैयार कर रहे थे तथा छापेमारी के दौरान नकली उर्वरक बनाने का भंडाफोड़ किया गया। दोनों के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही गई।

लेकिन जब कांड संख्या 162/26 की प्राथमिकी सामने आई, तो प्रमोद राय का नाम उसमें नहीं था, जबकि जिला प्रशासन की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में आज भी उनका नाम दर्ज है।

**क्या यह सिर्फ मानवीय भूल है?-** एफआईआर में जब्त उर्वरक की संख्या और प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई जब्ती की संख्या में भी अंतर बताया जा रहा है। संख्या में अंतर को तकनीकी या मानवीय त्रुटि माना जा सकता है, लेकिन जिस व्यक्ति का नाम नकली उर्वरक बनाने के आरोप में सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में दर्ज हो, उसका नाम एफआईआर से गायब हो जाना सामान्य भूल नहीं माना जा सकता।

यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एफआईआर ही आगे की कानूनी कार्रवाई का आधार बनती है।

**सीमा क्षेत्र और तस्करी का पुराना नेटवर्क-** सिकरहना अनुमंडल नेपाल सीमा से सटा इलाका है। हर वर्ष खेती के मौसम में उर्वरकों की नेपाल तस्करी की शिकायतें सामने आती रही हैं। प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई भी करता है, लेकिन इसके बावजूद कालाबाजारी का नेटवर्क लगातार सक्रिय रहने के आरोप लगते रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जाते रहे हैं कि कुछ तस्करों को संरक्षण मिलता है। पूर्व में भी सिकरहना अनुमंडल के एक पुलिस पदाधिकारी पर तस्करों से सांठगांठ के आरोप लगे थे। बाद में उनका स्थानांतरण भी हुआ था। वर्तमान मामले मे कृषि विभाग तस्करो के प्रभाव मे है या पुलिस यह जाँच का विषय है।

## खोदादपुर चाकूबाजी कांड में मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

बीएनएम@ मोतिहारी

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के गड़हिया बाजार थाना क्षेत्र के खोदादपुर गांव में शिक्षा समिति अध्यक्ष उमेश सिंह एवं एक महिला पर चाकू से हुए हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों से पूछताछ के बाद अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शुक्रवार को सूचना मिली कि खोदादपुर गांव में कुछ अपराधियों ने उमेश सिंह, पिता स्वर्गीय रामानंद सिंह, एवं बीच-बचाव करने पहुंची एक महिला पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पकड़ीदयाल एसडीपीओ कुमार चंदन के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित छापेमारी कर घटना के मुख्य आरोपी शंभू शरण, पिता स्वर्गीय रामचरित्र प्रसाद, तथा उसके पुत्र मिथिलेश कुमार और रजनीश कुमार, सभी निवासी कोइलहरा मठ, थाना गड़हिया बाजार, जिला पूर्वी चंपारण, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। मुख्य आरोपी समेत तीनों नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गई है। मामले में अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है और दोषियों के विरुद्ध साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में पकड़ीदयाल एसडीपीओ कुमार चंदन, मधुबन अंचल पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार प्रसाद, गड़हिया बाजार थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अभय कुमार झा तथा गड़हिया बाजार थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## बिरसा मुंडा और राष्ट्रीय आंदोलन' पुस्तक प्रकाशित, जनजातीय इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम का प्रामाणिक दस्तावेज

बीएनएम@ मोतिहारी

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. अंजनी कुमार झा की नई पुस्तक 'बिरसा मुंडा और राष्ट्रीय आंदोलन' प्रकाशित हो गई है। पुस्तक में महान जनजातीय नायक बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में उनके ऐतिहासिक योगदान का तथ्यपरक एवं विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में बिरसा मुंडा के आंदोलन की विभिन्न अवस्थाओं, औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध उनके संघर्ष तथा जनजातीय समाज में राष्ट्रीय चेतना के उदय का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसके साथ ही टाना भगत आंदोलन, असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन सहित विभिन्न जनआंदोलनों का समग्र अध्ययन भी शामिल किया गया है। विशेष बात यह है कि पुस्तक में तिलका



मांझी, रघुनाथ महतो, सिंगराय मानकी, बिंदुराय मानकी, सुरगा मुंडा, काते एवं बिंजी राय, बुद्ध भगत, बुली महतो, गंगा नारायण सिंह, चानकू महतो, नीलाम्बर–पीताम्बर तथा ठाकुर विश्वनाथ शाही जैसे अनेक जनजातीय वीरों के संघर्ष और योगदान को भी स्थान दिया गया है। इससे यह कृति जनजातीय इतिहास एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अध्ययन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ बन गई है। डॉ. अंजनी कुमार झा पिछले दो दशकों से शिक्षण, पत्रकारिता और शोध के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वर्तमान में वे महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में मीडिया अध्ययन विभागाध्यक्ष हैं तथा अनेक शोध परियोजनाओं का नेतृत्व कर चुके हैं। उनके नाम अब तक 25 से अधिक पुस्तकें तथा हजारों लेख और शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. झा को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध होगी। मीडिया अध्ययन विभाग के शिक्षक डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. साकेत रमण, डॉ. सुनील दीपक घोडके, डॉ. उमा यादव तथा डॉ. मयंक भारद्वाज ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। लिटरेरी सर्किल, जयपुर द्वारा प्रकाशित पुस्तक का प्रथम संस्करण वर्ष 2026 में जारी किया गया है। जनजातीय अध्ययन, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम के शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा इतिहासकारों के लिए यह पुस्तक एक महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री मानी जा रही है।

## योगिनी एकादशी पर देवराहा बाबा की मनाई गई 36वीं पुण्यतिथि

**गुरुकुल आश्रम में 24 घंटे का अष्टयाम शुरू, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन, आज होगा महाभंडारा**

बीएनएम@ मोतिहारी

ब्रह्मलीन योगीराज श्री देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में योगिनी एकादशी के अवसर पर परम पूज्य ब्रह्मलीन देवराहा बाबा की 36वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और भक्ति के साथ शुक्रवार को मनाई गई। इस अवसर पर आश्रम परिसर में 24 घंटे के अष्टयाम का शुभारंभ हुआ। समस्त पूजन कन्हैया प्रसाद अधिवक्ता ने अपनी पत्नी के साथ संपन्न किया, जबकि वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य जयप्रकाश पांडे ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई।पूजन के दौरान देवराहा बाबा की प्रतिमा का पंचगव्य से अभिषेक कर फूलों एवं फलों से भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से देवराहा बाबा चालीसा का पाठ किया तथा आरती में भाग लिया। अंत में भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने बताया कि 19 जून 1990 को योगिनी एकादशी के दिन आकाश में काले बादल छा गए थे। तेज आंधी-तूफान और यमुना की ऊंची लहरों के बीच शाम करीब चार बजे बाबा ब्रह्मलीन हो गए थे। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को यमुना मैया की गोद में समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा के



दर्शन का सौभाग्य प्राप्त भक्त आज भी उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए आश्रम में पूजन-अर्चन करने पहुंचते हैं। आश्रम के सहसचिव रामभजन ने बताया कि देवराहा बाबा का संपूर्ण जीवन मचान पर ही बीता। लकड़ी के चार खंभों पर बनी मचान ही उनका निवास था, जहां नीचे से भक्त उनके दर्शन करते थे। उन्होंने कहा कि बाबा वर्ष के अधिकांश समय जल के बीच रहते थे और आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को प्रसाद अवश्य देते थे। उनके अनुसार आश्रम परिसर के बबूल के पेड़ों में कांटे नहीं होते थे तथा बाबा ने कभी किसी वाहन का उपयोग नहीं किया। वे अन्न ग्रहण नहीं करते थे और दूध व शहद के सहारे जीवन व्यतीत करते थे। योग विद्या पर उनका असाधारण ज्ञान था। भक्त रंजीत कुमार ने बताया कि देवराहा बाबा का संदेश था कि ईश्वर के दर्शन भजन, प्रेम और सच्ची साधना से होते हैं। वे चमत्कारों के प्रदर्शन से दूर रहते थे तथा प्रकृति को सबसे बड़ा औषधालय मानते थे। उन्होंने कहा कि बाबा की ख्याति देश-विदेश तक फैली थी और अनेक प्रमुख हस्तियों ने उनके दर्शन किए थे। आश्रम की ओर से द्वादशी के अवसर पर शनिवार सुबह नौ बजे महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरीकिशोर शर्मा, दिलीप केसरी, विनीता कुमारी, अजय कुमार, रंजन कुमार, पप्पू कुमार, संगीता देवी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या कांड का आरोपी पति गिरफ्तार, बीजधरी पुलिस की कार्रवाई

बीएनएम@ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण के बीजधरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दहेज हत्या मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी




को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, बीजधरी थाना कांड संख्या 42/26, दिनांक 14 मार्च 2026, में दर्ज दहेज हत्या मामले के प्राथमिकी अभियुक्त सचिन्द्र राय, पिता दूधराज राय, निवासी वार्ड संख्या-09, थाना बीजधरी, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मृतका का पति है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85, 103, 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दर्ज है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। बीजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि दहेज हत्या जैसे गंभीर मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## 100 दिवसीय टीबी मरीज खोज अभियान में 22 हजार लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**चिरैया प्रखंड के अधिकारियों ने निक्षय मित्र बनकर लिए 18 मरीजों को गोद**

- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हुई समन्वय बैठक
- जिला स्तर पर की जा स्क्रीनिंग एवं प्रचार-प्रसार

बीएनएम@ मोतिहारी

पूर्वी चम्पारण जिले में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिन टीबी मरीजों की खोज अभियान चलाई जा रही है जिसमें जिले में 22 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इस अभियान के दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कैंप के माध्यम से मरीजों का एक्स-रे किया जा रहा है ताकि तुरंत टीबी के संदिग्ध मरीजों की खोज हो सके। बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग पटना के निर्देश के अनुसार टीबी को जड़ से खत्म करने हेतु अधिक से अधिक लोगो के स्वास्थ्य की जाँच की जानी है इसको लेकर विभाग काफ़ी सक्रिय है, सभी प्रखंडो में प्रखंड विकास पदाधिकारियों, चिकित्सा पदाधिकारियों के





साथ बैठक की जा रही है।टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिरैया में समन्वय बैठक हुई जिसमें चिरैया प्रखंड के अधिकारियों ने जिनमे चिरैया बीडीओ, बीपीआरओ-डीपीएम जीविका, एमएनई ने मिलकर 18 मरीज को गोद लिया वहीं अब वे निक्षय मित्र बनते हुए 18 मरीजों को पोषण के लिए सहायता करने का संकल्प लिया। प्रखंड के कई एचडब्लूसी क्षेत्र में रोगी हित धारक मंच के सदस्यों के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सीडीओ डॉ. संजीव ने बताया की प्रतिदिन 25 हजार स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 14 अगस्त तक चलेगा।उन्होंने कहा की किसी भी लोगों में 2 हफ्ते से ज्यादा अगर खासी हो तो जाँच जरूर कराए।यह जाँच पूरी तरह निःशुल्क है। मौके पर एमओआईसी डॉ. श्याम पासान, बीडीओ- डॉ. संजय कुमार, बीपीआरओ- इस्तेखार दानिश,बीपीएम जीविका- रामबाबू कुमार, बीएचएम जियाउल हक, बीसीएम दीपक कुमार, नवल किशोर, इस्तेहाक अहमद, अमित कुमार, एसटीएस अरविन्द कुमार, पंचायत प्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित थें।

## संक्षिप्त समाचार

### तुरकौलिया में एक ही रात दो घरों में चोरी, चार लाख के जेवर व 40 हजार नकद ले उड़े चोर

**बीएनएम@ तुरकौलिया।** थाना क्षेत्र के बिजुलपुर और निमुईया गांव में गुरुवार की रात चोरों ने दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दोनों घटनाओं में करीब चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात तथा 40 हजार रुपये नकद की चोरी हुई है। घटना के बाद दोनों पीड़ित परिवारों ने तुरकौलिया थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पहली घटना बिजुलपुर गांव की है। पीड़िता नीता देवी ने बताया कि वह अपने पति विजय ठाकुर के साथ घर में ताला बंद कर पश्चिमी चंपारण के सीरिसिया स्थित अपनी बहन की शादी में गई थीं। इसी दौरान चोरों ने सूने घर का फायदा उठाते हुए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और अटैची में रखे करीब तीन लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात तथा 40 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा और इसकी सूचना फोन पर नीता देवी को दी। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि सामान बिखरा पड़ा था और कीमती जेवर व नकदी गायब थे। घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है। दूसरी घटना निमुईया गांव में हुई। पीड़ित जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि गुरुवार रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद सभी सो गए थे। देर रात चोर घर में घुस गए और कमरे में रखी पेटी से सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी के पायल तथा कुछ कपड़े चोरी कर फरार हो गए। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही तुरकौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। एक ही रात में दो गांवों में हुई चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### इनरवा पुलिस ने 46.9 किलोग्राम गांजा किया बरामद, तस्कर नेपाल की ओर फरार

**बीएनएम@ बेतिया।** पश्चिम चंपारण के इनरवा थाना पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 46.900 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया है। हालांकि पुलिस को देखते ही तीनों तस्कर गांजा छोड़कर नेपाल की ओर फरार हो गए। मामले में अज्ञात तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई की रात इनरवा थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर नेपाल से गांजा लेकर सकरौल गांव स्थित छठिया घाट, थेथरी नदी पुल के रास्ते गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर नाकेबंदी कर संदिग्धों की निगरानी शुरू की। शुक्रवार तड़के करीब 3:40 बजे तीन व्यक्ति पीठ पर बोरा लादे आते दिखाई दिए। पुलिस वाहन देखते ही तीनों अपने बोरे फेंककर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन थेथरी नदी और नहर का फायदा उठाकर तीनों नेपाल की ओर फरार हो गए। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से कुल 46.900 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इस संबंध में इनरवा थाना कांड संख्या 99/26 अज्ञात तस्करों के विरुद्ध दर्ज कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### ट्रक से 860 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम@ गयाजी।** जिले के बाराचट्टी थाना अंतर्गत डोभी चेकपोस्ट पर पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 860 किलो गांजा बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत लाखों रुपए आंकी गई है। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार शाम पुलिस ने घेराबंदी कर ओडिशा से पंजाब जा रहे ट्रक को रोका, जिसकी तलाशी के दौरान नशीले पदार्थों की बड़ी खेप पकड़ी गई।बाराचट्टी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अमरेंद्र किशोर ने बताया कि इस मामले में पंजाब निवासी ड्राइवर परमिंदर सिंह और खलासी जस्सी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों अंतरराज्यीय तस्कर नेटवर्क के सक्रिय सदस्य हैं। तस्करों से फिलहाल कड़ी पूछताछ की जा रही है, जिससे नेटवर्क के अन्य सदस्यों और मुख्य तस्करों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस की एक टीम फरार आरोपियों की धर-पकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस गिरोह के तार ओडिशा, बिहार और पंजाब तक फैले होने की पुष्टि हुई है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही इस अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क के बड़े खुलासे की उम्मीद है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

### मोहिउद्दीननगर में अंचलाधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

**बीएनएम@ समस्तीपुर।** मोहिउद्दीननगर अंचल कार्यालय में शुक्रवार को एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानांतरित अंचलाधिकारी (सीओ) बृजेश कुमार द्विवेदी को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कार्यालय कर्मियों ने श्री द्विवेदी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार पप्पू ने मिथिला की पारंपरिक पाग एवं चादर भेंट कर सीओ का सम्मान किया। अपने विदाई संबोधन में श्री द्विवेदी ने भावुक होते हुए कहा कि मोहिउद्दीननगर में बिताया उनका कार्यकाल प्रशासनिक जीवन का एक यादगार अध्याय रहा। उन्होंने जनता और सहकर्मियों से मिले अपार स्नेह एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। संतोष कुमार पप्पू ने उनके कार्यकाल को ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। समारोह के अंत में श्री द्विवेदी ने राजस्व अधिकारी सृष्टि सागर को अंचलाधिकारी का विधिवत प्रभार सौंप दिया। इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 7 वर्षीय मासूम की कुदाल से काटकर निर्मम हत्या

» वारदात के बाद भड़का जनआक्रोश, आरोपी के घर को किया आग के हवाले

» भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे अधिकारी, जलते घर से आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ सुपौल।** सदर थाना क्षेत्र के परसरमा वार्ड 8 में एक अत्यंत दुखद और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक 7 वर्षीय मासूम बच्ची, प्रीति कुमारी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतका, शंभू साह की पुत्री थी। घटना तब घटी जब प्रीति देर रात अपने पिता के पीछे घर लौट रही थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे पड़ोसी युवक राजू साह ने कुदाल से बच्ची पर ताबड़तोड़ प्रहार किए, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।इस जघन्य वारदात की खबर फैलते ही पूरे इलाके में कोहराम मच गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी के घर को घेर लिया। भीड़ ने आरोपी के घर में आग लगा दी, जिससे स्थिति गंभीर और तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ राजीव रंजन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जलते हुए घर से आरोपी राजू साह को सुरक्षित बाहर निकालकर हिरासत में लिया।प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। सदर एसडीपीओ राजीव रंजन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस इस वीभत्स हत्या के हर पहलू की जांच कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में दोषी को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। यह घटना क्षेत्र में चर्चा और दहशत का विषय बनी हुई है।

### फल्गु रबर डेम में मिला अज्ञात युवक का शव,जाँच जारी

पुलिस जुटी शिनाख्त में, इलाके में फैली सनसनी

**बीएनएम@ गयाजी।** शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र स्थित फल्गु रबर डेम से शुक्रवार को एक अज्ञात युवक का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव डेम में फंसा हुआ था और काफी सड़-गल चुका था, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह कई दिनों पुराना है। सूचना मिलते ही विष्णुपद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। शव की स्थिति अत्यधिक खराब होने के कारण फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है।थाना अध्यक्ष परमानंद लाल कर्ण ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और हत्या व आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है।

# महिला की संदिग्ध मौत के बाद शव जलाने का प्रयास विफल, पुलिस ने चिता बुझाकर तीन आरोपियों को दबोचा

**बीएनएम@ अरेराज**




पूर्वी चंपारण के अरेराज थाना क्षेत्र स्थित शर्मा टोला (वार्ड संख्या-06) में शनिवार के शाम को एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया। एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद उसके शव को कथित रूप से साक्ष्य मिटाने की नीयत से जल्दबाजी में जलाया जा रहा था। सूचना मिलते ही अरेराज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जलती चिता को बुझाया, शव के अवशेष अपने कब्जे में लिए और त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति, भैसुर तथा सास को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, अरेराज थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी को गुप्त सूचना मिली कि शर्मा टोला में एक महिला की हत्या कर उसके शव को बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए गुप्त रूप से जलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पहले मृतका के घर की तलाशी ली गई, लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, जिसमें पता चला कि शव को गांव की एक बांसवाड़ी में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया है। पुलिस टीम तत्काल वहां पहुंची तो देखा कि शव जल रहा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल चिता बुझाई और शव के अवशेष सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम तथा अरेराज के अंचलाधिकारी को बुलाया गया। वैज्ञानिक जांच के बाद शव के अवशेषों को सुरक्षित पैक कर पोस्टमार्टम एवं अन्य आवश्यक परीक्षण के लिए मुजफ्फरपुर भेजा गया। इधर, मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मृतका के पति चुन्नू कुमार शर्मा, भैसुर पंकज शर्मा (दोनों पिता अजय शर्मा) तथा सास विद्या देवी (पति अजय शर्मा) को गिरफ्तार कर लिया। तीनों से हिरासत में गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस की तत्परता से शव के अवशेष सुरक्षित बरामद हो सके, जिससे मामले की निष्पक्ष जांच का रास्ता खुल गया है।

## तुरकौलिया को मिले नए अंचलाधिकारी, प्रभात कुमार ने संभाला पदभार

**बीएनएम@ तुरकौलिया।** प्रभात कुमार ने शुक्रवार को तुरकौलिया के नए अंचलाधिकारी (सीओ) के रूप में पदभार ग्रहण किया। योगदान देने के बाद उन्होंने अंचल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली और लंबित मामलों की जानकारी ली। पदभार संभालने के बाद अंचलाधिकारी प्रभात कुमार ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने राजस्व से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन, भूमि विवादों के शीघ्र निपटारे तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने अंचल कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय आने वाले लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करें तथा लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। प्रभात कुमार के पदभार ग्रहण करने से अंचल कार्यालय के कार्यों में और अधिक गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया बेबी आलम ने नए अंचलाधिकारी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन ने कसी कमर

» जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**बीएनएम@ समस्तीपुर**




प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत 'आदर्श ग्राम योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यशाला में जिला स्तरीय योजना मूल्यांकन-सह-अभिसरण समिति के सदस्यों और विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गांवों के समग्र और समावेशी विकास हेतु विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था।कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि आदर्श ग्राम का आशय मात्र भौतिक बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, सड़क, आवास और आजीविका जैसी मूलभूत सुविधाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को चयनित गांवों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप ग्राम विकास योजना (वीडीपी) तैयार करने और सरकारी योजनाओं के अधिकतम अभिसरण (कन्वर्जेंस) के साथ समयबद्ध कार्य निष्पादन का निर्देश दिया।बैठक के दौरान योजना के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि, निगरानी व्यवस्था और प्रगति प्रतिवेदन तैयार करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों ने अपने सुझाव साझा किए और अंत में सभी संबंधित विभागों ने समन्वित प्रयासों से गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने का सामूहिक संकल्प लिया। यह पहल चयनित गांवों के सतत विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

## राष्ट्र निर्माण का माध्यम बना अभाविप का 78वां स्थापना दिवस सप्ताह

» विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं का उत्साह

**बीएनएम@ समस्तीपुर**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 78वें स्थापना दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में महिला महाविद्यालय इकाई द्वारा शुक्रवार को विविध रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में मेहंदी, रंगोली, पोस्टर मेकिंग और संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कला मंच की संयोजक अनुष्का शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इन प्रतियोगिताओं ने छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक अभिरुचि को मंच पर लाने का अवसर प्रदान किया। इस दौरान अभाविप की 78 वर्षों की गौरवशाली यात्रा और राष्ट्र निर्माण में संगठन की महती भूमिका पर भी सार्थक चर्चा हुई। नगर उपाध्यक्ष डॉ. मधुलिका मिश्रा ने संगठन को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को निखारने में सहायक हैं।प्रांत सह छात्रा प्रमुख शालू कुमारी ने अभाविप की छात्रहित और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि ये कार्यक्रम छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और देशभक्ति के संस्कार विकसित करते हैं। निर्णायक मंडल में डॉ. मधुलिका मिश्रा, डॉ. आभा, अदिति शर्मा, अनुष्का और सुमन कुमारी शामिल रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। बड़ी संख्या में छात्राओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को अत्यंत सफल और उत्साहजनक बना दिया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के साथ उनमें नेतृत्व क्षमता का संचार करना था।

# चौकीदार बहाली विवाद में शिक्षा समिति अध्यक्ष व महिला पर जानलेवा हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ पकड़ीदयाल**



पूर्वी चंपारण जिले के गरहिया थाना क्षेत्र स्थित खोदादपुर गांव के उच्च माध्यमिक विद्यालय में चौकीदार बहाली को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को हिंसक हो गया। शिक्षा समिति के अध्यक्ष उमेश सिंह तथा बीच-बचाव करने पहुंची एक महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच), मुजफ्फरपुर रेफर किया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पकड़ीदयाल डीएसपी कुमार चंदन के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी शंभू भगत का करीब तीन किलोमीटर तक पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसके तीन पुत्रों सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार विद्यालय में चौकीदार की नियुक्ति को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि शंभू भगत और उसके परिजन अपने समर्थित व्यक्ति की नियुक्ति कराने के लिए शिक्षा समिति के अध्यक्ष उमेश सिंह पर दबाव बना रहे थे। उमेश सिंह ने नियुक्ति मेधा सूची एवं नियमानुसार किए जाने की बात कही, जिससे नाराज होकर आरोपियों ने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची एक महिला भी हमलावरों का शिकार हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। एहतियात के तौर पर पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। डीएसपी कुमार चंदन ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी तथा अन्य पहलुओं की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि कानून अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पताही अंचल को मिले नए अंचलाधिकारी, नितेश कुमार सेठ ने संभाला पदभार



**बीएनएम@ पताही**

पताही अंचल को नए अंचलाधिकारी के रूप में नितेश कुमार सेठ मिल गए हैं। उन्होंने गुरुवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अंचल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली और लंबित मामलों की जानकारी ली। पदभार ग्रहण करने के बाद अंचलाधिकारी नितेश कुमार सेठ ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों, दाखिल-खारिज, परिमार्जन तथा भूमि विवादों के निष्पादन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय आने वाले सभी लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें तथा किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## डेल्हा बस स्टैंड के पास से स्कॉर्पियो चोरी,पुलिस को मिले अहम सुराग

सीसीटीवी में कैद हुए चोर, जांच में जुटी पुलिस

**बीएनएम@ गयाजी**




शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र से वाहन चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहाँ बस स्टैंड के समीप से देर रात अज्ञात चोरों ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी पर हाथ साफ कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि चोर एक स्विफ्ट डिजायर कार से मौके पर पहुँचे थे और पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। चोरी के बाद आरोपी स्कॉर्पियो और स्विफ्ट डिजायर लेकर गया-पटना मार्ग की ओर फरार हो गए।जानकारी के अनुसार, यह स्कॉर्पियो वाहन इंद्रजीत उर्फ फंतुस कुमार के घर के बाहर खड़ी थी। वाहन मालिक आनंद कुमार ने डेल्हा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने पर पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। जहानाबाद टोल प्लाजा के कैमरों में भी दोनों वाहन एक साथ गुजरते हुए देखे गए हैं, जिससे पुलिस को जांच में बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। फुटेज में स्विफ्ट डिजायर का रजिस्ट्रेशन नंबर और एक संदिग्ध का चेहरा भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं ने स्थानीय निवासियों में दहशत और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों ने मांग की है कि रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और संवेदनशील इलाकों में निगरानी सख्त की जाए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और टोल प्लाजा के रिकॉर्ड के आधार पर संदिग्धों के संभावित रूट का विश्लेषण किया जा रहा है।

## पीएमसीएच में सीटी स्कैन और एमआरआई सेवा के लिए काउंटडाउन शुरू

» निजी केंद्रों पर निर्भरता होगी कम, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

**बीएनएम@ पटना**



पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले लाखों मरीजों को जल्द ही अत्याधुनिक रेडियोलॉजी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इस महीने के अंत तक नए रेडियोलॉजी भवन में दो अत्याधुनिक सीटी स्कैन और एक उच्च क्षमता वाली एमआरआई मशीन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। मशीनों का इंस्टॉलेशन कार्य अंतिम चरण में है, जिससे अब मरीजों को निजी केंद्रों या बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।ये मशीनें जटिल बीमारियों के सटीक और तीव्र निदान में सहायक होंगी, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा। प्रशासन का लक्ष्य प्रति मशीन प्रतिदिन 100 से अधिक मरीजों की जांच करना है, जिसके लिए प्रशिक्षित तकनीशियनों की तैनाती की जा रही है। जांच शुल्क का निर्धारण रोगी कल्याण समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें गरीब मरीजों के लिए न्यूनतम लागत का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस पहल से न केवल प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी, बल्कि PMCH में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर भी काफी उन्नत होगा। यह सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा और स्वागतयोग्य कदम है।

## फर्क को पाट पाएंगे

**ईरान और यूएई के प्रतिनिधियों में हुई झड़प मिसाल है कि बदली विश्व परिस्थितियों के बीच ब्रिक्स+ के सदस्य ना सिर्फ अलग धरातल पर खड़े हैं, बल्कि वे परस्पर विरोधी रुख भी खुलेआम अपना रहे हैं। ब्रिक्स+ देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की नई दिल्ली में हुई बैठक एक बार फिर इस समूह के अंदर गहरा रहे मतभेदों को उजागर कर गई। बैठक के दौरान ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधियों की बीच हुई झड़प मिसाल है कि बदली विश्व परिस्थितियों के बीच ब्रिक्स+ के सदस्य देश ना सिर्फ अलग धरातल पर खड़े हैं, बल्कि अब वे परस्पर विरोधी रुख भी खुलेआम अपना रहे हैं। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार घादिर निज़ामीपुर ने अपने देश पर अमेरिका और इजराइल के हुए हमले में सक्रिय भूमिका निभाने का आरोप यूएई पर लगाया। जबकि यूएई ने ईरान पर उसे अनुचित निशाना बनाने का इल्जाम मढ़ा। इससे ब्रिक्स+ में सर्व-सहमत दृष्टिकोण उभरने की संभावना और कम हो जाने के संकेत मिले हैं। मेजबान भारत की सहानुभूति यूएई के साथ अधिक है, जिसके इजराइल और अमेरिका से बेहतर रिश्ते हैं। दूसरी तरफ चीन और ईरान के प्रतिनिधियों की द्विपक्षीय बैठक से साफ हुआ कि वे दोनों देश बदल रहे वैश्विक समीकरणों के बीच समान धरातल पर खड़े हैं। ऐसे में ब्रिक्स+ की बैठक का असल महत्त्व इस मौके पर हुई द्विपक्षीय वार्ताओं ही रहीं। इनमें एक खास मौका राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल और चीन के विदेश मंत्री (जो वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी हैं) वांग यी की मुलाकात रहा। डोवाल और वांग सीमा विवाद पर अपने- अपने देशों के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। दोनों ने भारत- चीन संबंध के ताजा हाल की समीक्षा की। इसी तरह की द्विपक्षीय वार्ताएं अन्य देशों के प्रतिनिधियों के बीच भी हुईं। इस रूप में नई दिल्ली में उनका जुटना सार्थक रहा। बहरहाल, जहां तक ब्रिक्स+ का प्रश्न है, तो उसके महत्त्व और भूमिका को लेकर भले जो कहा जाता हो, लेकिन असल में यह समूह दिशाहीनता का शिकार होता नजर आ रहा है। इसी बात के संकेत पिछले महीने ब्रिक्स+ विदेश मंत्रियों की बैठक में भी मिले थे। सितंबर के मध्य में जब ब्रिक्स+ शिखर सम्मेलन होगा, तो उसमें कोई अलग नजारा होगा या इन देशों के सर्वोच्च नेता नजरिए में फर्क को पाट पाएंगे, इसकी संभावना भी कम ही है।**

# दो टूक – मानसून की चुनौतीः आखिर स्मार्ट शहर भी क्यों हो रहे हैं बेबस?

योगेश कुमार गोयल

– हर साल बदइंतजामी की बाढ़ में डूबती व्यवस्था

मानसून ने इस वर्ष अपने आगमन के साथ ही देश के बड़े हिस्से में राहत से अधिक आफत का संदेश दिया है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा और मध्य प्रदेश तक प्रकृति का रौद्र रूप साफ दिखाई दे रहा है। भारी बारिश, भूस्खलन, बादल फटने और बाढ़ जैसी घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारा बुनियादी ढांचा और प्रशासनिक तैयारी अभी भी इस प्राकृतिक चुनौती का सामना करने में सक्षम नहीं है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में लगातार मूसलाधार बारिश के चलते भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं, जिससेराष्ट्रीय राजमार्ग-244 कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसी घटनाएं न केवल आवागमन को बाधित करती हैं बल्कि यह भी दिखाती हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और रखरखाव में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव है। महाराष्ट्र के पुणे जिले में भूस्खलन की घटना में लोगों की मौत और कई लोगों का रेस्क्यू इस बात का संकेत है कि हम जोखिमों को पहले से भांपने में असफल रहे हैं। महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी स्थिति भयावह है। उल्हास नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है, जिससे वांगणी के पास स्थित कुडसावरे पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया और कई गांवों का संपर्क टूट गया। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में हर वर्ष की तरह इस बार भी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है लेकिन इस बार स्थिति और भी गंभीर रही है। महज दो दिनों की बारिश में ही सड़कें नदियों में तब्दील हो गई, पेड़ उखड़ गए, पुराने ढांचे ढह गए और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।



ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हर साल आने वाली इस स्थिति को हम केवल 'प्राकृतिक आपदा' कहकर टाल सकते हैं? सच्चाई यह है कि यह केवल प्रकृति का प्रकोप नहीं है बल्कि हमारी प्रशासनिक लापरवाही, अनियोजित शहरीकरण और तकनीकी अक्षमता का भी परिणाम है। यदि बारिश से पहले नालों की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था और जोखिम वाले क्षेत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन समय पर किया जाए तो इन घटनाओं की गंभीरता को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मुंबई, पुणे या अन्य महानगरों में जलभराव की समस्या अब अस्थायी नहीं रही बल्कि स्थायी संकट बन चुकी है। इसका मूल कारण है शहरों का अनियोजित विस्तार और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों का अतिक्रमण। जहां कभी पानी के बहाव के प्राकृतिक रास्ते थे, वहां आज कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए हैं। नतीजतन, थोड़ी सी बारिश भी शहरों को जलमग्न कर देती है। यह स्थिति केवल मुंबई तक सीमित नहीं है बल्कि अब देश के अधिकांश शहरों में यही तस्वीर देखने को मिलती है। इस बार मानसून ने रेलवे और सड़क परिवहन को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। मुंबई-पुणे रेल मार्ग पर चट्टानी मलबा गिरने से रेल सेवाएं बाधित हो गईं। गुजरात के अमरेली में राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा बह जाना इस बात का संकेत है कि हमारी निर्माण प्रणाली प्राकृतिक आपदाओं के प्रति कितनी संवेदनशील है। यह केवल एक तकनीकी विफलता नहीं बल्कि दीर्घकालिक योजना के अभाव का परिणाम है। यदि हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो विकसित देशों ने इस समस्या से निपटने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में 'लिडार' तकनीक से पहाड़ी क्षेत्रों की निगरानी की जाती है और 'रॉकफॉल बैरियर्स' के माध्यम से भूस्खलन को रोका जाता है। रेल और सड़क नेटवर्क में सेंसर आधारित प्रणाली खतरे का पूर्वानुमान लगाकर सेवाओं को नियंत्रित करती है। इसके विपरीत, भारत में आज भी अधिकतर व्यवस्थाएं प्रतिक्रियात्मक हैं अर्थात हादसे के बाद ही कार्रवाई होती है। विश्व बैंक के अनुमानों के अनुसार, भारत को हर वर्ष बारिश से जुड़ी आपदाओं के कारण लगभग 80,000 करोड़ से 1,20,000 करोड़ रुपये तक का आर्थिक नुकसान होता है। यह आंकड़ा केवल आर्थिक क्षति का है जबकि मानवीय जीवन की हानि का मूल्यांकन करना संभव ही नहीं है। हर वर्ष सैंकड़ों लोग केवल इसलिए अपनी जान गंवा देते हैं क्योंकि हम समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठा पाते।

यह स्थिति हमें एक महत्वपूर्ण नीति परिवर्तन ('आपदा के बाद राहत' से 'आपदा से पहले तैयारी' की ओर) की ओर संकेत करती है। इसके लिए सबसे पहले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 'डिजिटल ड्रेनेज ऑडिट' को अनिवार्य किया जाना चाहिए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि पानी का प्राकृतिक प्रवाह कहां और कैसे होता है। इसके साथ ही 'स्पंज सिटी' मॉडल को अपनाना आवश्यक है, जिसमें शहरों को इस प्रकार विकसित किया जाता है कि वे वर्षा के पानी को अवशोषित कर सकें। पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों के लिए भूवैज्ञानिकों की सलाह को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। ढलानों की मजबूती, जल निकासी के उचित चैनल और वनस्पति संरक्षण जैसे उपाय भूस्खलन की घटनाओं को कम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, रियल-टाइम वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम और अर्ली वार्निंग सिस्टम को मजबूत करना भी बेहद आवश्यक है। प्रशासनिक स्तर पर भी जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। हर वर्ष मानसून से पहले नालों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था के लिए बजट आवंटित किया जाता है लेकिन इसका प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं देता। यह केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह जाता है। जब तक इस पर सख्ती से निगरानी और पारदर्शिता नहीं लाई जाएगी, तब तक स्थिति में सुधार की उम्मीद करना व्यर्थ होगा। यहां नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अतिक्रमण, कचरा प्रबंधन में लापरवाही और पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी भी इस संकट को बढ़ाती है। यदि नागरिक स्तर पर जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव विकसित किया जाए तो इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। कुल मिलाकर, हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं है लेकिन उसके प्रभाव को कम करना निश्चित रूप से हमारे हाथ में है। इसके लिए आवश्यक है कि हम वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक ईमानदारी को एक साथ लेकर चलें। यदि अब भी हमने समय रहते कदम नहीं उठाए तो मानसून हमारे लिए हर वर्ष राहत के बजाय आफत बनकर आता रहेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर एक दीर्घकालिक और ठोस रणनीति तैयार करें, तभी हम इस प्राकृतिक चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण दे सकते हैं।

(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण विषयों के जानकार तथा पर्यावरण संरक्षण पर चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# आधुनिक तकनीक से वन संरक्षण को नई दिशा

धनंजय राठौर

अशोक कुमार चंद्रवंशी

ऑटोमेटेड फॉरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम एक उन्नत तकनीक है जो जंगलों में आग लगने की घटनाओं का तुरंत पता लगाकर संबंधित अधिकारियों को सूचित करती है। भारत में, भारतीय वन सर्वेक्षण और विभिन्न राज्य वन विभाग फोरेस्ट फायर अलर्ट एंड मानिटरिंग सिस्टम सैटेलाइट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। जंगल की आग को ध्यान में रखते हुए श्फोरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम संस्करण 2.0श् लाया गया है और पूरी प्रक्रिया को स्वचालित बना दिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार वन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग कर रही है। इसी दिशा में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विकसित ऑटोमेटेड फॉरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण सुनिश्चित कर रहा है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में विकसित यह तकनीक वन विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक तेज, प्रभावी और पारदर्शी बना रही है। इससे वन संपदा, वन्यजीवों और जैव विविधता की सुरक्षा को नई मजबूती मिली है।

अब कुछ ही मिनटों में मिलती है आग लगने की सूचनाः पहले वनाग्नि की जानकारी प्राप्त करने और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने में एक से दो घंटे का समय लग जाता था। इस दौरान आग कई बार बड़े क्षेत्र में फैल जाती थी। अब नई स्वचालित प्रणाली के माध्यम से यह पूरी प्रक्रिया केवल 5 से 10 मिनट में पूरी हो जाती है। इससे समय रहते आग पर नियंत्रण संभव हो रहा है।

उपग्रह तकनीक से होती है सटीक निगरानीः यह प्रणाली अत्याधुनिक उपग्रह तकनीक पर आधारित है। उपग्रह जंगलों में तापमान में होने वाले असामान्य बदलाव की पहचान करता है। वैज्ञानिक विश्लेषण के बाद आग की पुष्टि होने पर संबंधित वन मंडल, रेंज और बीट स्तर के अधिकारियों को तत्काल एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से अलर्ट भेज दिया जाता है।



रियल टाइम मॉनिटरिंग से बढ़ी कार्यक्षमताः वन विभाग ने इस प्रणाली को जीआईएस आधारित रियल टाइम डैशबोर्ड से जोड़ा है। इसके माध्यम से अधिकारी वनाग्नि की घटनाओं पर लगातार निगरानी रखते हैं। सूचना मिलते ही फील्ड स्टाफ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कार्रवाई करता है और उसकी ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करता है। इससे भविष्य की रणनीति बनाने और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने में भी सहायता मिलती है।

जनजागरूकता और पूर्व तैयारी पर विशेष जोरः वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग केवल तकनीक पर ही निर्भर नहीं है, बल्कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए जनभागीदारी को भी बढ़ावा दे रहा है। हर वर्ष वनाग्नि सीजन से पहले फायर लाइन निर्माण, जनजागरूकता अभियान, प्रशिक्षण तथा मॉक ड्रिल आयोजित किए जाते हैं, ताकि आग की घटनाओं को न्यूनतम किया जा सके।

सरकार की प्राथमिकता है सुरक्षित वनः वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप का कहना है कि राज्य सरकार आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से वन संपदा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उनका मानना है कि यह प्रणाली वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा भविष्य में अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायी मॉडल साबित होगी।

वन संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी पहलः छत्तीसगढ़ का ऑटोमेटेड फॉरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम आधुनिक तकनीक, त्वरित सूचना प्रणाली और प्रभावी प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है। इससे वनाग्नि पर समय रहते नियंत्रण संभव हो रहा है और राज्य की अमूल्य वन संपदा, वन्यजीवों तथा पर्यावरण की सुरक्षा को नई मजबूती मिल रही है। यह पहल विकसित छत्तीसगढ़ और सुरक्षित पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

लेखक संयुक्त संचालक, सहायक जनसंपर्क अधिकारी हैं।




**मेष राशि** : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा का रिजल्ट आपके पक्ष में आएगा। आज आर्ट और मीडिया से जुड़े लोगों को नौकरी के नये अवसर मिलने के योग हैं कारोबार आपको बढ़िया सफलता मिलेगी। आज एक नया प्रोजेक्ट आपको दिया जाएगा आप उसे बेहतरीन तरीके से पूरा करेंगे जो आगे चलकर आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए लकी रहेगा। आप अपने बिजनेस में नई शुरूआत करेंगे। आभूषणों के कारोबार मे आज आपको दोगुनी सफलता मिलेगी। आज समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा इस दौरान आप नये लोगों से मिलेंगे साथ ही कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। कारोबार में बदलाव को लेकर लिए गए फैसले आज सही साबित होंगे। आज मार्केटिंग से जुड़े कामों पर ज्यादा ध्यान दें। आज किसी बड़े अधिकारी या राजनेता से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा आपसी तालमेल देखकर आपको खुशी होगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए नये फैसले लेंगे। आज ऑफिस में आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की सराहना होगी। बच्चों की शिक्षा या करियर से जुड़ा काम आज बन सकता है। आज आय और खर्च में संतुलन बना रहेगा आपकी आर्थिक स्थिति में स्टेबिल्टी रहेगी।

**सिंह राशि** : सिंह राशि वालों का आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपको आपके करियर के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मिलेंगी आपका सरकारी काम पूरा जाएगा। उच्च अधिकारियों के सहयोग से आज आपको नौकरी में लाभ होगा। पिछले कुछ दिनों से चल रही भागदौड़ से आज राहत मिलेगी जिससे आप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। किसी अनुभवी और धार्मिक व्यक्ति से मुलाकात आज आपकी सोच में सकारात्मक बदलाव लाएगी और आपको नई दिशा मिलेगी।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। व्यापार जगत से जुड़े कार्यों में आज आपको सफलता मिलेगी। परीक्षा में पूर्ण अध्ययन से छात्र कामयाबी पा सकेंगे। महिलाएं आज व्यर्थ की बातों में अपना समय नष्ट न करें। आज विद्यार्थियों को अपनी टीचर के मार्गदर्शन का पूरी तरह पालन करना चाहिए।

**तुला राशि** : आज का दिन नए अनुभव लेकर रहेगा। आज परिवार में आज मांगलिक कार्यक्रम करवाएंगे घर का माहौल खुशहाल रहेगा। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के बिजनेस से जुड़े लोगों को किसी खास संपर्क से आज लाभ होगा। आज छात्रों को उनके फेवरिट कालेज में दाखिल मिल जाएगा। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

**वृश्चिक राशि** : आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। अगर आज आप किसी बिजनेस में धन निवेश करेंगे तो आने वाले समय में लाभ अवश्य मिलेगा। आज आप व्यापार बढ़ाने के लिए आज कुछ नयी योजनाओं पर काम कर सकते है। आपका रुका हुआ पैसा आज वापस आ सकता है। आज आप समाज कल्याण के कार्यों में योगदान देंगे जरूरतमंद बच्चों को उनके जरूरत की चीजें बाटेंगे।

**धनु राशि**: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। अगर आप किसी खास काम के लिए प्रयासरत हैं, तो उसमें उचित सफलता मिल सकती है। आज आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा आप एक दूसरे की भावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। आज आप अपने बच्चों से संस्कार और संस्कृति से जुड़ी जानकारी साझा करें बच्चे काफी मोटीवेट होंगे। आज कामकाज से जुड़ी छोटी यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी साथ ही कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा।

**मकर राशि**: आपके लिए आज का दिन मिला-जुला रहने। आज आपको परिवार का सहयोग मिलेगा। आज वैवाहिक जीवन में परेशानियां खत्म होंगी। कार्यस्थल पर अपने विरोधियों से सतर्क रहें आज आप अपने बड़ बोलेपन से बचें इस दौरान किसी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**कुंभ राशि**: आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा साथ ही छात्रों के लिए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। आज आपको कार्यस्थल पर अपने सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। आज आप अपनी एक नयी पहचान बनाने में सफल रहेंगे अपनी कड़ी मेहनत से विरोधियों को चुनौती दे पाएंगे। आज आपका मन नए कार्यों में लगेगा और आप अपना बेस्ट देने का प्रयास करेंगे। नौकरी में उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा।

**मीन राशि**: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। सोची हुई योजनाएं सफल होती दिखेंगी। आप खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत महसूस करेंगे। आज आप अपना नया बिजनेस स्टार्ट करने की योजना बनाएंगे। आज पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय में आर्थिक फायदा मिलेगा इस दौरान आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा।

# मूल्य श्रृंखला का जुड़ावः पीएम मित्र पार्क के ज़रिए कैसे भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र की बदल रही है तस्वीर

पबित्रा मार्गेरिटा

सदियों से, भारत की पहचान उसके परिधानों से गहराई से जुड़ी रही है। चाहे वह कश्मीर के पश्मीना की लंबे समय तक रहने वाली गर्माहट हो, असम के मूंगा सिल्क की सुनहरी चमक हो, तमिलनाडु की शाही कांजीवरम साड़ियाँ हों, चंदेरी की बुनाई हो या सूरत के कारीगरों की कपड़ों पर मशहूर कारीगरी। आज भी यह क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बनकर खड़ा है, जो जीडीपी में 2.3त्न, औद्योगिक उत्पादन में 13त्न और निर्यात में 12त्न का योगदान देता है।

खेती के बाद भारत में सबसे ज़्यादा रोज़गार देने वाला यह क्षेत्र 45 मिलियन लोगों को सीधे तौर पर और 100 मिलियन से ज़्यादा लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार देता है। इससे ग्रामीण समुदायों को मजबूती मिलती है और देश भर में लाखों महिलाओं के लिए आर्थिक आज़ादी का रास्ता खुलता है। वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के एक साथ जुड़ी हुई व्यवस्था के उलट, भारत की वस्त्र मूल्य श्रृंखला ऐतिहासिक रूप से अलग-अलग जगहों पर फैले हुए मॉडल के तौर पर विकसित हुई। कताई, बुनाई, प्रोसेसिंग, कपड़े सिलने और निर्यात जैसी गतिविधियाँ अलग-अलग राज्यों में स्वतंत्र रूप से विकसित हुईं, जिसका अर्थ था कि एक कपड़ा बनने के दौरान अक्सर कई राज्यों की सीमाओं से गुज़रता था। इस बिखराव के कारण कई संरचनात्मक बाधाएँ पैदा हुईं। इसने बड़े पैमाने पर काम करने, आधुनिकीकरण, ऑटोमेशन और आखिरकार मज़दूरों की उत्पादकता को सीमित कर दिया। इसके साथ ही, मल्टी-मॉडल संपर्क में कमियों की वजह से लॉजिस्टिक्स का बोझ भी बढ़ जाता है। प्रोडक्शन के अलग-अलग चरणों के बीच हर बार सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने या संभालने में अतिरिक्त खर्च और ढुलाई का किराया लगता है। कई चरणों में लंबी दूरी तक सामान को एक जगह से दूसरी जगह भेजने से कुल लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ जाती है और सामान को तेज़ी से बाज़ार तक पहुँचाने की क्षमता खत्म हो जाती है, जो आज की रिटेल व्यवस्था में बार-बार ऑर्डर देने वाले साइकल में एक बहुत बड़ी और नुकसानदायक कमी है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी ज़रूरतों पर भी ध्यान देने की ज़रुरत है। दुनिया भर में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वस्त्र उद्योग की हिस्सेदारी 8त्न से 10त्न और औद्योगिक जल प्रदूषण में 20त्न है। हज़ारों छोटी-छोटी और अलग-अलग जगहों पर फैली इकाइयों में नियमों को लागू करना और सही तरीके से प्रबंधन करना पहले एक बड़ी प्रशासनिक चुनौती रहा है। इन रुकावटों को व्यवस्थित रूप से दूर करने के लिए, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2021 में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) योजना शुरू की, जिसके लिए ?4,445 करोड़ का बजट रखा गया। यह एक अहम कदम था, जो एक ऐसा व्यापक मॉडल पेश करता है, जिसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, उद्योगों से जुड़े लोगों और निजी साझेदारों के साथ मिलकर विकास को आगे बढ़ाती है। इस योजना के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी 5एफ फ़ॉर्मूला है यानी फ़ार्म (खेत) से फ़ाइबर (रेशा) से फ़ैक्टरी (कारखाना) से फ़ैशन और फारेन (विदेश) तक पहुंच। यह सोच सीधे तौर पर उस बात को सामने लाती है, जो भारत को वैश्विक मंच पर अलग बनाती हैः हमारी संपूर्ण और बेहद विविध मूल्य श्रंखला। कच्चे माल के आयात या सिर्फ तैयार कपड़ों की बनावट पर निर्भर रहने वाले दूसरे देशों के उलट, भारत वस्त्रों को बनाने की पूरी प्रक्रिया में शामिल है, जिसमें किसानों के खेतों से लेकर हाई-फ़ैशन रनवे तक की प्रक्रिया शामिल है। इस अनोखी समझ की वजह से, हमारी विकास रणनीति को वैश्विक प्रतिस्पर्धा और पूरी तरह से सामाजिक समानता के बीच एक खास संतुलन बनाने की ज़रुरत है। विस्तार करते समय, हमें हर क्षेत्र के कल्याण का ध्यान रखना होगा, ताकि साधारण किसान और ग्रामीण बुनकर से लेकर कपड़े के निर्यातक तक, कोई भी पीछे न छूटे। पीएम मित्र फ्रेमवर्क इसी संतुलन को हासिल करता है। इन पार्कों को कच्चे माल के मुख्य केंद्रों के पास रणनीतिक रूप से बनाने से ट्रांसपोर्ट का खर्च कम होता है और निर्माण के लिए बिना रुकावट आपूर्ति सुनिश्चित होती है। इससे ज़रूरी बात यह है कि इस नज़दीकी से शुरुआत से आखिर तक ट्रैकिंग भी मुमकिन हो पाती है। चूँकि वैश्विक ब्रांड ऑर्गेनिक या सस्टेनेबल प्रमाणीकरण की मांग करते हैं, इसलिए ये एकीकृत पार्क एक सत्यापन योग्य कस्टडी चेन देते हैं। इससे कड़े वैश्विक ईएसजी नियमों का पालन होता है और विदेशों में प्रीमियम कीमत पाने का रास्ता भी बनता है। 1,000 एकड़ से ज़्यादा के एक ही इलाके में कताई, बुनाई, प्रोसेसिंग और कपड़ा बनाने की सुविधाओं को एक साथ लाने से अलग-अलग राज्यों के बीच सामान ले जाने की ज़रूरत खत्म हो जाती है। इससे माल ढुलाई का खर्च और ट्रांसपोर्ट से होने वाला प्रदूषण भी बहुत कम हो जाता है और सामान तेज़ी से बाज़ार तक पहुँच पाता है।

समर्पित माल गलियारे और एक्सप्रेसवे जैसे राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से जुड़े होने के कारण, विदेशी बाज़ारों तक सामान पहुँचाना बहुत सस्ता और किफायती हो जाता है। हर पार्क में प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर होता है, जिसमें बिजली के खास सब-स्टेशन, लगातार पानी की सप्लाई और तुरंत इस्तेमाल के लिए तैयार फैक्ट्री शेड जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इसके साथ ही, ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ज़ेडएलडी) तकनीक वाले उन्नत एडवांस्ड कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और आधुनिक सुविधाएँ भी होती हैं, जिससे कारोबारियों पर ढ़ांचागत बोझ कम पड़ता है और कारोबार करने में आसानी होती है। पीएम मित्र पार्क तेज़ी से कागज़ी योजनाओं को असल ज़मीनी हकीकत में बदल रहे हैं। इस योजना में सात रणनीतिक पार्क शामिल हैंः पाँच ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट विरुधुनगर (तमिलनाडु), नवसारी (गुजरात), कलबुर्गी (कर्नाटक), धार (मध्य प्रदेश) और लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और दो ब्राउनफील्ड डेवलपमेंट वारंगल (तेलंगाना) और अमरावती (महाराष्ट्र) में। अब तक, इस योजना में कुल ?69,899 करोड़ के निवेश की दिलचस्पी दिखाई गई है, जिसमें से ?27,658 करोड़ का निवेश पहले ही हो चुका है। 10 मई, 2026 को माननीय प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के वारंगल में पहले कार्यरत पीएम मित्र पार्क का उद्घाटन किया। इस पार्क में पहले ही ?3,862 करोड़ का निवेश हो चुका है और यहाँ विश्व-स्तरीय पर्यावरण अनुकूल बुनियादी ढ़ांचे पर काम किया जा रहा है। ये विशेषताएँ स्थायित्व के उन मानकों को दर्शाती हैं, जिन्हें सभी सात पार्क साइटों पर स्थापित किया जा रहा है। पूरे देश में एक साथ काम शुरू होने से सहकारी संघवाद की तेज़ी और सफलता दोनों साफ दिखती है, जहां सभी सात राज्यों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, 100त्न ज़मीन का अधिग्रहण हो चुका है और पर्यावरण से जुड़ी मंज़ूरी भी मिल गई है। पाँच ग्रीनफ़ील्ड साइट्स के लिए जेवी एग्रीमेंट और एसपीवी पूरी तरह से तैयार हैं, जिससे तेज़ी से काम आगे बढ़ रहा है। 2,158 एकड़ में फैले सबसे बड़े पार्क, धार (मध्य प्रदेश) में ?21,436.9 करोड़ के निवेश में दिलचस्पी दिखाई गई है। इसी तरह गुजरात (?13,084 करोड़), महाराष्ट्र (?12,925 करोड़), तमिलनाडु (?6,600 करोड़), उत्तर प्रदेश (?5,345.8 करोड़) और कर्नाटक (?1,700 करोड़) में भी काम को लेकर तेज़ी देखी गई है। तेज़ी से हो रहे इस काम के पीछे केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह का सक्रिय नेतृत्व है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# फीफा विश्व कप 2026 : गोल्डन बूट की दौड़ में एमबाप्पे सबसे आगे, मेसी दूसरे स्थान पर

एजेंसी, नई दिल्ली

फीफा विश्व कप 2026 अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। फ्रांस ने मोरक्को को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश भी कर लिया है। इसी के साथ टूर्नामेंट के सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले गोल्डन बूट की दौड़ भी रोमांचक होती जा रही है। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे 8 गोल और 3 असिस्ट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।



अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी भी 8 गोल कर चुके हैं, लेकिन उनके नाम केवल 1 असिस्ट होने के कारण वे दूसरे स्थान पर हैं। नॉर्वे के एरलिंग हालैंड 7 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के हैरी केन 6 गोल और 1 असिस्ट के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि फ्रांस के उस्मान डेम्बेले 5 गोल और 2 असिस्ट के साथ पांचवें स्थान पर काबिज हैं। इसके अलावा सेनेगल के इस्माइला सार, स्पेन के मिकेल ओयारजाबाल, मेक्सिको के जूलियन क्विनोनेस, इंग्लैंड के जूड बेलिंघम और ब्राज़ील के विनीसियस जूनियर ने 4-4 गोल किए हैं।

इन सभी खिलाड़ियों के नाम 1-1 असिस्ट भी दर्ज है, जिससे क्वार्टर फाइनल के बाद गोल्डन बूट की यह जंग और भी दिलचस्प हो गई है। फीफा के नियमों के अनुसार यदि दो या उससे अधिक खिलाड़ी समान संख्या में गोल करते हैं, तो पहले असिस्ट की संख्या और उसके बाद मैदान पर खेले गए कम मिनट के आधार पर विजेता का फैसला किया जाएगा। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के साथ गोल्डन बूट की यह जंग और भी रोमांचक हो गई है।

## फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराया, लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंचा

एजेंसी, फॉक्सबोरो (अमेरिका)

गत उपविजेता फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को मोरक्को को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब फ्रांस का सामना अंतिम चार में स्पेन और बेल्जियम के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से होगा। मैच की शुरुआत से ही फ्रांस ने आक्रामक खेल दिखाया। चौथे मिनट में कप्तान किलियन एमबाप्पे गोल करने से मामूली अंतर से चूक गए। पहले हाफ में फ्रांस का दबदबा इतना रहा कि मोरक्को इंजरी टाइम तक गोल पर एक भी प्रभावी शॉट नहीं लगा सका। फ्रांस को 25वें मिनट में पेनाल्टी मिली, लेकिन लंबी वीडियो समीक्षा के बाद एमबाप्पे का कमजोर शॉट मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने शानदार तरीके से बचा लिया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कोई गोल नहीं हुआ और स्कोर 0-0 रहा। दूसरे हाफ में फ्रांस ने दबाव बढ़ाया और 60वें मिनट में एमबाप्पे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। यह इस विश्व कप में उनका आठवां गोल और विश्व कप नॉकआउट मुकाबलों में 12वां गोल रहा। इसके साथ ही उन्होंने विश्व कप इतिहास में अपने कुल गोलों की संख्या 20 तक पहुंचा दी। फ्रांस ने बढ़त के छह मिनट बाद ही दूसरा गोल दाग दिया।



एमबाप्पे के बेहतरीन पास पर उस्मान डेम्बेले ने मोरक्को की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए गेंद को गोल में पहुंचाकर स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के 77वें मिनट में एमबाप्पे हल्की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए और बेंच पर उनके टखने पर बर्फ लगाई गई। मोरक्को ने अंतिम मिनटों में वापसी की कोशिश की और कई अवसर भी बनाए, लेकिन फ्रांस की मजबूत रक्षापंक्ति के सामने वह गोल करने में सफल नहीं हो सका। 2022 विश्व कप के सेमीफाइनल की तरह इस बार भी फ्रांस ने मोरक्को को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, मोरक्को का शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया।

## मुरादाबाद को मिली प्रदेश स्तरीय क्रिकेट अंडर 17 व 19 बालिका वर्ग की मेजबानी

एजेंसी, मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में शुक्रवार को मंडलीय क्रीड़ा समिति की बैठक में सत्र 2026-27 में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए बनाई गई कार्य योजना, जनपद मुरादाबाद को प्रदेश स्तरीय क्रिकेट अंडर 17 व 19 वर्ष बालिका वर्ग प्रतियोगिता तथा जनपद रामपुर को प्रदेश स्तरीय हॉकी अंडर 14, 17 व 19 वर्ष बालक/बालिका वर्ग प्रतियोगिता का दायित्व सौंपा गया। संचालन मंडलीय क्रीड़ा सचिव बंश बहादुर ने किया। बैठक में सर्वप्रथम मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं को मंडल के विभिन्न जनपदों को आवंटित किया गया जिसमें जनपद मुरादाबाद में तैराकी, बॉक्सिंग, क्रिकेट 17 एवं 19 वर्ष बालिका, सुब्रतो फुटबॉल, थागता मार्शल आर्ट, कराटे व कुश्ती , जनपद अमरोहा में कबड्डी, क्रिकेट 14 वर्ष बालक, टेबल टेनिस ,बैडमिंटन, हैंडबॉल, योगासन, भारोत्तोलन तथा एथलेटिक्स, जनपद बिजनौर में खो-खो, बास्केटबॉल, शतरंज, ताइक्वांडो, शूटिंग , नेहरू हॉकी, कलारीपयट्टू तथा वुशु जनपद रामपुर में वॉलीबॉल, गतका, मलखंभ, हॉकी तथा फुटबॉल जबकि जनपद संभल में जूडो, जिमनास्टिक, क्रिकेट 17 वर्ष बालक , क्रिकेट 19 वर्ष बालक, कुराश, सेपक टाकरो तथा तीरंदाजी खेल को आयोजित कराए जाने का निर्णय लिया गया। खेलों के निष्पक्ष आयोजन तथा श्रेष्ठ खिलाड़ियों के चयन हेतु चयनकर्ता तथा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति का निर्णय लिया गया।




## हैमस्ट्रिंग और घुटने की चोट के कारण क्रिकेट से चार सप्ताह के लिए दूर हुए मुस्तफिजुर रहमान

**एजेंसी, हरारे ।** बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान हैमस्ट्रिंग और घुटने की चोट के कारण अगले चार सप्ताह तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। इसके साथ ही वह जिम्बाब्वे दौरे के बाकी मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अनुसार जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते समय मुस्तफिजुर को दर्द महसूस हुआ था। मंगलवार को कराए गए स्कैन में उनके दाहिने हैमस्ट्रिंग में ग्रेड-1 मसल टियर और दाहिने घुटने के मेनिस्कस में डीजेनेरेशन की पुष्टि हुई। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में मुस्तफिजुर ने छह ओवर में 19 रन दिए थे और बल्लेबाजी में नंबर-10 पर भी उतरे थे। हालांकि बांग्लादेश को उस मुकाबले में 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। चोट के कारण वह दूसरा वनडे नहीं खेल सके, जहां उनकी जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम को टीम में शामिल किया गया। अब मुस्तफिजुर पूरी तरह जिम्बाब्वे दौरे से बाहर हो गए हैं, जिसमें तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी शामिल है। वह पुनर्वास (रिहैब) के लिए स्वदेश लौट चुके हैं। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में भी मुस्तफिजुर घुटने की चोट से परेशान रहे थे। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से लौटने के बाद वह अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए थे।

## ईस्ट बंगाल छोड़ मोहन बागान से जुड़े मिगुएल फिगुएरा, दो साल का किया करार

**एजेंसी, कोलकाता ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल से स्टार मिडफील्डर मिगुएल फिगुएरा को दो साल के अनुबंध पर टीम में शामिल कर लिया है। क्लब ने शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। ब्राजील के मिगुएल फिगुएरा ने भारतीय फुटबॉल में अपने पहले ही सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट बंगाल को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके शानदार खेल के लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (बेस्ट प्लेयर) चुना गया था और गोल्डन बॉल पुरस्कार भी मिला था। पिछले आईएसएल सीजन में फिगुएरा ने 12 मैचों में 2 गोल किए और 5 असिस्ट भी दिए। भारत आने से पहले उन्होंने बांग्लादेश के बशुंधरा किंग्स क्लब के लिए तीन सफल सीजन खेले थे, जहां उनके प्रदर्शन ने उन्हें खास पहचान दिलाई। मोहन बागान से जुड़ने पर फिगुएरा ने कहा, "मोहन बागान के समर्थक बेहद जुनूनी हैं, बिल्कुल ब्राजील के फुटबॉल प्रशंसकों की तरह। पिछले एक साल में कोलकाता में खेलने के दौरान मैंने देखा कि ग्रीन एंड मैरून समर्थक अपनी टीम से कितना प्यार करते हैं। उनके लिए मैच जीतना और ट्रॉफी उठाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मुझे ऐसे दबाव में खेलना पसंद है और मैं जल्द ही ग्रीन एंड मैरून जर्सी पहनकर मैदान में उतरने का इंतजार कर रहा हूं। देश के सबसे बड़े क्लब के लिए उसके शानदार समर्थकों के सामने खेलना मेरे लिए बेहद रोमांचक होगा।"



# बिजनेस

## भारत ने ब्रिटेन से वाहन आयात पर एफटीए के तहत शुल्क कोटा लाभ लेने की प्रक्रिया को अधिसूचित किया

### पहले वर्ष में इन तीनों श्रेणियों में कुल 20 हजार यात्री कारों के आयात की होगी अनुमति

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत रियायती सीमा शुल्क पर वाहनों के आयात का रास्ता साफ करते हुए कोटा आधारित शुल्क रियायत का लाभ लेने के लिए आयातकों की मंजूरी प्रक्रिया अधिसूचित कर दी है। यह व्यवस्था 15 जुलाई, 2026 से लागू होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 9 जुलाई को जारी सार्वजनिक सूचना में कहा, '' भारत-ब्रिटेन (सीईटीए) के तहत कोटा आधारित शुल्क दर (टीआरक्यू) के आवंटन की प्रक्रिया अधिसूचित की जाती है।'' इस अधिसूचना के मुताबिक आयातित खेप की सीमा शुल्क निकासी के समय भारत में आयातक को ब्रिटेन के संबंधित प्राधिकरण द्वारा जारी मूल प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन) प्रस्तुत करना होगा। डीजीएफटी की अधिसूचना के मुताबिक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के तहत भारत दोनों पक्षों के लिए निर्धारित कोटा के साथ मोटर वाहन आयात पर शुल्क को लगभग 110 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करेगा। भारत इस व्यापार समझौते के लागू होने के पहले 15 वर्ष के दौरान ब्रिटेन से पारंपरिक इंजन वाले यात्री वाहनों की 3.78 लाख इकाइयों के आयात की रियायती सीमा शुल्क पर अनुमति देगा। अधिसूचना के मुताबिक डीजीएफटी ने कहा, '' केवल ब्रिटेन में विनिर्मित वाहनों के मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) अथवा उनके विधिवत अधिकृत डीलर/चैनल पार्टनर ही टीआरक्यू के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।'' व्यापार महानिदेशालय ने यह भी कहा कि पात्रता के लिए प्रत्येक आवेदक को ब्रिटेन स्थित वाहन विनिर्माता (ओईएम) द्वारा जारी पूर्व-क्रय समझौता प्रस्तुत करना होगा। इसमें टीआरक्यू वर्ष के दौरान आपूर्ति की जाने वाली वाहनों की संख्या का उल्लेख होगा। डीजीएफटी ने कहा, 'इन आयातों के लिए वर्ष का अर्थ भारत में एक जनवरी से 31 दिसंबर तक की कैलेंडर अवधि होगा। डीजीएफटी जारी किए गए टीआरक्यू प्रमाणपत्रों की संचयी संख्या पर निगरानी रखेगा। निर्धारित टीआरक्यू सीमा पूरी होने के बाद कोई टीआरक्यू प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा।'' ये प्रमाणपत्र अधिकतम 12 महीने या कैलेंडर वर्ष की समाप्ति तक, जो भी पहले हो, वैध रहेंगे। डीजीएफटी ने कहा, ''टीआरक्यू के तहत आयात करने वाले आयातक रियायती सीमा शुल्क का लाभ अंतिम खरीदार या उपभोक्ता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।'' ब्रिटेन से भारत में आयात के लिए पारंपरिक इंजन वाले यात्री वाहनों का कोटा पांचवें वर्ष में विभिन्न श्रेणियों में बढ़कर 37,000 इकाई हो जाएगा। इसके साथ ही सीमा शुल्क क्रमिक रूप से घटकर अंतिम रूप से 10 फीसदी रह जाएगा। इसके बाद शुल्क में और कोई कटौती नहीं होगी।''




## केंद्र सरकार ने चीनी ट्यूब और पाइप पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी जनवरी, 2027 तक बढ़ाई

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने चीन से आयातित कुछ सीमलेस ट्यूब और पाइप पर लागू डंपिंग रोधी शुल्क को जनवरी, 2027 तक के लिए बढ़ा दिया है। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस बावत एक अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें बताया गया है कि सस्ते आयात से घरेलू विनिर्माताओं की सुरक्षा के लिए चीन से आयातित कुछ सीमलेस ट्यूब तथा पाइप पर लगाए गए डंपिंग रोधी शुल्क की अवधि बढ़ाई गई है।

अधिसूचना के मुताबिक लोहे, मिश्रधातु या गैर-मिश्रधातु इस्पात के सीमलेस ट्यूब, पाइप और खोखले प्रोफाइल पर यह शुल्क पहली बार 28 अक्टूबर, 2021 को पांच वर्ष के लिए लगाया गया था। मौजूदा डंपिंग रोधी शुल्क 961.33 डॉलर से 1,610.67 डॉलर प्रति टन के बीच है। इसके तहत चीन से आने वाले या वहां से निर्यात होने वाले आयरन, अलॉय या नॉन-अलॉय स्टील के सीमलेस ट्यूब, पाइप और होलो प्रोफाइल पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने की अवधि को बढ़ा दिया गया है।

## आईसी इलेक्ट्रिकल्स की स्टॉक मार्केट में जबरदस्त शुरुआत

### प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

एजेंसी, नई दिल्ली

रेलवे एप्लीकेशंस के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने और भारतीय रेलवे को इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली आईसी इलेक्ट्रिकल्स कंपनी लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने जोरदार मजबूती के साथ एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 99 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 67.68 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 166 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी ही देर में उछल कर 174.30 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 75.30 रुपये यानी 76.06 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। कंपनी का 47.91 करोड़ रुपये का आईपीओ तीन से सात जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 295.08 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 241.75 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 764.38 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 372.51 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 48,39,600 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। आईसी इलेक्ट्रिकल्स कंपनी लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 4.62 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 9.41 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 14.10 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 99.75 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 122.39 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी की राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा उछल कर 143.81 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी लगातार वृद्धि हुई।



## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार उछाल

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का मामूली झटका भी लगा, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में तेजी आ गई।

सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.09 प्रतिशत और निफ्टी 1.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट की दिग्गज कंपनियों में से जियो फाइनेंशियल, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, विप्रो और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 3.59 प्रतिशत से लेकर 1.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, भारती एयरटेल, एटरनल, मैक्स हेल्थकेयर और सन फार्मास्युटिकल्स के शेयर 2.42 प्रतिशत से लेकर 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,699 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,237 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 462 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 27 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर सिर्फ तीन शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 शेयर हरे निशान में और छह शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।



## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशिया में आज तेजी का रुख बना हुआ है। चिप स्टॉक्स मे आए उछाल की वजह से अमेरिकी बाजार में कल तेजी का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ 52,487.41 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.81 प्रतिशत बढ़ कर 7,543.64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 336.24 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,206.89 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 52,440.92 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आखिरी दौर में हुई बिकवाली की वजह से मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 10,472.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में बड़ी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज सोना 1,220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव 720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गए हैं। चांदी की बात करें, तो इस चमकीली धातु की कीमत में आज शुरुआती कारोबार के दौरान 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,44,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,45,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,410 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



फिल्म

# गोलमाल 5 से जुड़ा अभिनेत्री प्रियामणि का नाम, **खलनायिका बनकर मचाएगी धमाल**

रो रोहित शेट्टी एक बार फिर गोलमाल फ्रैंचाइजी की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस सुपरहिट फिल्म की 5वीं किस्त के साथ अजय देवगन और उनकी पूरी पलटन लौटने के लिए तैयार है। काफी समय से चर्चा थी कि इस बार निर्माता फिल्म में महिला अभिनेत्री को शामिल नहीं करेंगे और यह पूरी तरह से पुरुष प्रधान फिल्म होगी। अब फिल्म पर आई हालिया जानकारी पिछले दावे से पूरी तरह उलट है, क्योंकि एक अभिनेत्री इसमें शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गोलमाल 5 से अभिनेत्री प्रियामणि का नाम जुड़ चुका है। फैमिली मैन और आर्टिकल 370 जैसी फिल्मों व सीरीज से चर्चा बटोरने वालीं अभिनेत्री फिल्म में एक नकारात्मक किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि रोहित दर्शकों का मनोरंजन बढ़ाने के लिए अपनी फिल्म में अभिनेत्री का नकारात्मक किरदार किस तरह से दर्शाते हैं। फिलहाल तो प्रियामणि के जुड़ने की खबरों ने ही फैंस को उत्साहित कर दिया है। गोलमाल 5 में अजय के अलावा, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, कुणाल खेमू और शरमन जोशी भी अपने-अपने किरदारों में वापसी करते हुए दिखाई देंगे। दिलचस्प बात यह है कि अक्षय कुमार भी फिल्म का आधिकारिक हिस्सा बन चुके हैं। कुछ महीने पहले निर्माताओं ने एक पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की पूरी स्टारकास्ट से रूबरू करवाया था। खबरों के मुताबिक, फिल्म को 2027 की शुरुआत में रिलीज करने की योजना बनाई जा रही हैं।








# जब पूरी तरह हार मान चुकी थीं विद्या बालन : एक फोन कॉल ने बदल दी किस्मत

प परिणीता, कहानी, द डर्टी पिक्चर और भूलभुलैया जैसी शानदार फिल्मों में अपने असाधारण अभिनय से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाली अभिनेत्री विद्या बालन का बॉलीवुड सफर बिल्कुल भी आसान नहीं रहा। सिनेमाई दुनिया में कदम रखने से पहले उन्हें कई बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा और एक वक्त ऐसा आया जब उन्होंने उम्मीद ही छोड़ दी थी। लेकिन फिर एक फोन कॉल ने उनकी किस्मत बदल दी, जिसने उन्हें उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म परिणीता दिलाई। दिग्गज अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल के लोकप्रिय चैट शो रेन्जेव्यू विद सिमी ग्रेवाल में बातचीत के दौरान, विद्या बालन ने अपने करियर के शुरुआती संघर्षों को याद किया। उन्होंने बताया, उस समय तक मैं कई ऑडिशन दे चुकी थी और धीरे-धीरे मुझे यह लगने लगा था कि शायद यह फिल्म भी मेरे हाथ से निकल जाएगी। ऐसी स्थिति में मैंने उम्मीद लगभग पूरी तरह से छोड़ दी थी। विद्या ने उस यादगार पल को साझा करते हुए बताया, जिस दिन मेरी किस्मत बदलने वाली थी, उस दिन मैं मशहूर सिंगर एनरिक इग्लेसियस के कॉन्सर्ट में मौजूद थी। मैंने अपना मोबाइल फोन बंद कर रखा था ताकि कोई मुझे परेशान न करे और मैं पूरी तरह कॉन्सर्ट का लुत्फ उठा सकूं। मेरे साथ मौजूद एक दोस्त, जो निर्देशक प्रदीप सरकार के साथ भी काम करता था, उसके पास अचानक दादा (प्रदीप सरकार को अक्सर दादा कहकर बुलाया जाता था) का फोन आया। विद्या ने उस पल को याद करते हुए आगे कहा, दादा ने मेरे दोस्त से पूछा कि विद्या कहां है? क्या वह कॉन्सर्ट में है? मेरे दोस्त ने बताया कि हां, वह यहीं है। इसके बाद मैंने फोन लिया तो उन्होंने मुझसे बताया कि मिस्टर चोपड़ा यानी विधु विनोद चोपड़ा आपसे बात करना चाहते हैं। विद्या ने उस समय की अपनी मनोदशा को बताते हुए कहा, उस वक्त मुझे पूरा यकीन था कि यह फोन मुझे यह बताने के लिए किया गया है कि मैं फिल्म के लिए सेलेक्ट नहीं हो पाई हूं, क्योंकि मैं पहले ही कई ऑडिशन दे चुकी थी और हर बार रिजेक्ट हो जाती थी। मेरे मन में निराशा घर कर गई थी। उन्होंने आगे कहा, हालांकि, अगले ही पल जो शब्द मैंने सुने, उसने मेरी पूरी जिंदगी बदल दी। विद्या ने बताया कि विधु विनोद चोपड़ा ने उनसे कहा, विद्या बालन, तुम ही मेरी परिणीता हो। मैं तुम पर भरोसा करता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि तुम हमेशा हमारे इस भरोसे का सम्मान करोगी।



# जूनियर एनटीआर की पौराणिक फिल्म का हुआ ऐलान, दमदार पोस्टर भी जारी

सु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म ड्रैगन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, अभिनेता ने अपनी एक और धमाकेदार पौराणिक फिल्म का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। काफी समय से चर्चाएं थीं कि एनटीआर और निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास एक परियोजना के लिए साथ आ सकते हैं। आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म से पहला पोस्टर जारी करते हुए इसकी घोषणा कर दी। शीर्षक अभी तय नहीं है, लेकिन फिल्म भगवान कार्तिकेय (मुरुगन) पर आधारित बताई जा रही है। निर्माताओं ने फिल्म से पहला पोस्टर जारी किया है, जो भीषण युद्ध और आग की पलटों को दर्शाता है। उसके बीच में भगवान शिव का त्रिशूल खड़ा है। कैप्शन में लिखा है, शिव के पुत्र। पार्वती का गौरव। हमेशा रहने वाले सेनापति। एक बार फिर त्रिविक्रम के साथ। परियोजना का निर्माण हारिका एंड हसीन क्रिएशन्स और एनटीआर आर्ट्स के बैनर तले किया जाएगा। फिलहाल निर्माताओं ने फिल्म की कहानी और कास्ट से जुड़ी अन्य जानकारी को अभी गुप्त रखा है। इस परियोजना में एक असाधारण रचनात्मक टीम एक साथ आई है। प्रख्यात संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर इस भव्य कृति में एक और रोमांचक आयाम जोड़ते हुए एक विशाल संगीतमय अनुभव प्रदान करने के लिए इसमें शामिल हुए हैं। इस फिल्म का निर्माण प्रतिष्ठित हारिका एंड हसीन क्रिएशन्स बैनर के तहत एस. राधा कृष्ण (चाइना बाबू) और एनटीआर आर्ट्स के तहत नंदामुरी कल्याण राम संयुक्त रूप से करेंगे। तेलुगु सिनेमा के सबसे सफल अभिनेता-निर्देशक जोड़ियों में से एक के एक बार फिर साथ आने और दो दिग्गज प्रोडक्शन हाउसों के समर्थन से, यह फिल्म अब तक के सबसे भव्य सिनेमाई आयोजनों में से एक बनने जा रही है। कलाकारों, तकनीकी दल और निर्माण कार्यक्रम से संबंधित अन्य विवरण जल्द ही घोषित किए जाएंगे।




# पुष्पा 2 के बाद अल्लू अर्जुन की राका में दिखेगी अभिनेत्री श्रीलीला? जानिए क्या है अपडेट

अल्लू अर्जुन अपनी आगामी फिल्म राका से फिर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। पुष्पा 2 (2024) की जबरदस्त सफलता के बाद, फैंस एटली द्वारा निर्देशित इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अप्रैल महीने में, निर्माताओं ने फिल्म से अल्लू की पहली आधिकारिक झलक सोशल मीडिया पर साझा की थी। इस बीच, फिल्म से जुड़ा एक ताजा अपडेट आया है जिसने लोगों के बीच इस परियोजना को लेकर हलचल मचा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, राका में अल्लू और श्रीलाला के बीच एक सहयोग देखने को मिल सकता है। सूत्र ने कहा, कुछ दिन पहले श्रीलीला, अल्लू अर्जुन के साथ लगातार 2 दिनों तक राका की शूटिंग कर रही थीं। अभी कुछ पक्का नहीं है, लेकिन कुछ तो चल रहा है। और अगर यह सच है तो राका के साथ पुष्पा 2 की धूम जारी रहेगी। बता दें, दोनों ने पुष्पा 2 में एक डांस नंबर करके धमाल मचा दिया था। फिलहाल, श्रीलीला के राका के साथ जुड़ने की अटकलों पर निर्माताओं ने अब तक कोई पुष्टि नहीं की है। फिल्म में पहली बार अल्लू के साथ दीपिका पादुकोण मुख्य किरदार में नजर आएंगी। खबरों की मानें, तो उन्हें इसमें एक शक्तिशाली योद्धा की भूमिका निभाते हुए देखा जा सकेगा। फिल्म की कहानी एक शक्तिशाली नायक के इर्द-गिर्द घूमने की उम्मीद है, जो हिंसा और बदला के संघर्षों में घिरा है। राका 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने उतरेगी।



# फिल्म रहूं मैं तेरे रूबरू का दमदार ट्रेलर जारी, सस्पेंस और थ्रिल से है भरपूर, 17 जुलाई को होगी रिलीज



बॉ बॉलीवुड निर्देशक इंद्र दास की फिल्म रहूं मैं तेरे रूबरू का टीजर काफी चर्चाएं बटोर चुका था। अब निर्माताओं ने इसका आधिकारिक ट्रेलर जारी कर दिया है, जो प्यार, सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास मुख्य किरदारों में शामिल हैं। इसका निर्माण सुमन सौरभ ने एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड और रेडआई स्टूडियो के बैनत तले किया है। यह एक दिलचस्प मर्डर-मिस्ट्री है, जिसके ट्रेलर के साथ रिलीज तारीख भी आ गई है।

यूट्यूब पर आए रहूं मैं तेरे रूबरू के ट्रेलर की शुरुआत एक रहस्यमयी माहौल से होती है। फिर कहानी में प्यार, रोमांस, शानदार संगीत और रहस्यों की परतें खुलनी शुरू हो जाती हैं। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, इसमें छिपे हुए राज, बदलती पहचान, भावनात्मक संघर्ष और खौफनाक सच सामने आता है। यही ट्विस्ट दर्शकों को दांत तले उंगली दबाने और सिनेमाघरों तक जाने के लिए मजबूर कर देगा। फिल्म 17 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। जब भी कोई अपराध होता है, वहां पाए गए सुराग से हम अपराधी तक पहुंचते हैं। मगर, यहां जितनी भी सीरियल किलिंग्स हुईं, मर्डर का पैटर्न एक तरह का ही था। इसके बाद सवाल किया जाता है, क्या आप सीरियल किलर को अपना अगला शिकार करने से रोक सकते हैं? जवाब मिलता है, उसका काउंटडाउन शुरू हो गया। इसके बाद एक ऐसी दुनिया की झलक साने आती है, जहां एक व्लॉगर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ छुट्टियां मनाने जाता है। इस दौरान कई रुह कंपा देने वाले मोड़ आते हैं।

# हेमा मालिनी का म्यूजिकल कॉन्सर्ट उनके फिल्मी सफर और महान कलाकारों को समर्पित

बॉ बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने अपने आगामी म्यूजिकल कॉन्सर्ट को लेकर कहा कि यह कार्यक्रम उनके छह दशक लंबे फिल्मी सफर, उनके साथ काम कर चुके महान कलाकारों की यादों और विशेष रूप से अभिनेता धर्मेंद्र की विरासत को समर्पित होगा। हेमा ने कहा कि अपने लंबे फिल्मी करियर में उन्हें भारतीय सिनेमा के कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने दिलीप कुमार, राज कपूर, मनोज कुमार, फिरोज खान, शम्मी कपूर, विनोद खन्ना, राज कुमार, राजेश खन्ना, शशि कपूर, जीतेंद्र और धर्मेंद्र के साथ कई फिल्मों में काम किया। इन सभी कलाकारों के साथ बिताई गई यादें उनके लिए अनमोल हैं। इन्हीं यादों को दर्शकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस म्यूजिकल कॉन्सर्ट की परिकल्पना की गई। कार्यक्रम में इन महान कलाकारों के लोकप्रिय गीतों को मंच पर कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ पेश किया जाएगा। यह पूरा विचार उनके सहयोगी का था, जिन्होंने इन यादों को एक विशेष प्रस्तुति का रूप देने की योजना बनाई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हेमा मालिनी ने कहा कि धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और उन्हें भी अक्सर ऐसे आयोजनों में आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने धर्मेंद्र के शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए बताया कि पंजाब में रहते हुए उनका सपना अभिनेता बनने का था। वह अक्सर उन्हें बताते थे कि खेतों में ट्यूबवेल पर काम करते समय जब मुंबई जाने वाली ट्रेन गुजरती थी तो वह सोचते थे कि एक दिन उसी ट्रेन से मुंबई जाएंगे और अभिनेता बनेंगे। अभिनय और फिल्म निर्माण के प्रति उनका यही जुनून आगे चलकर उनके जीवन की सबसे बड़ी पहचान बना। हेमा ने कहा कि जब उनके सहयोगी उनके जीवन और करियर पर किताब, डॉक्यूमेंट्री, फिल्म और संस्मरण की योजना पर चर्चा कर रहे थे, तब धर्मेंद्र भी अक्सर उन बैठकों में शामिल हो जाते थे। वह बड़ी उत्सुकता से इन योजनाओं के बारे में पूछते थे और विशेष रूप से किताब की प्रगति जानने में दिलचस्पी लेते थे। यह उनके लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं था कि धर्मेंद्र उन चर्चाओं का हिस्सा बने। हेमा ने भावुक होकर कहा कि अक्सर लोग अपने प्रियजनों को यह सोचकर सहज मान लेते हैं कि वे हमेशा साथ रहेंगे, लेकिन एक समय ऐसा भी आता है जब उसी व्यक्ति के बिना जीवन जीना सीखना पड़ता है।



# मानसून में वॉशिंग मशीन का ऐसे रखें ध्यान, कपड़ों में नहीं आएगी सीलन की बदबू

ब बरसात के मौसम में हवा में नमी काफी बढ़ जाती है, जिसका असर वॉशिंग मशीन पर भी पड़ता है। धुलाई के बाद मशीन के अंदर बची नमी जल्दी नहीं सूखती और लंबे समय तक बनी रहती है। इससे ड्रम, रबर सील और डिटर्जेंट ट्रे में फफूंदी, बैक्टीरिया और बदबू बनने का खतरा बढ़ जाता है। इसका असर मशीन के साथ-साथ कपड़ों की सफाई और उनकी खुशबू पर साफ दिखाई देने लगता है। विशेषज्ञों की सलाह है कि हर धुलाई के बाद वॉशिंग मशीन का दरवाजा और डिटर्जेंट ट्रे कुछ घंटों के लिए खुली छोड़ दें। इससे अंदर की नमी आसानी से बाहर निकल जाती है और हवा का प्रवाह बना रहता है। दरवाजा बंद करने से पहले रबर की सील को सूखे और साफ कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें।

टॉप-लोड मशीन इस्तेमाल करने वाले लोग भी धुलाई के बाद कुछ समय तक ढक्कन खुला रखें। हर दो से तीन सप्ताह में बिना कपड़ों के गर्म पानी के साथ वॉशिंग मशीन क्लीनर चलाना फायदेमंद माना जाता है। इससे अंदर जमी गंदगी, फफूंदी और बैक्टीरिया साफ होने में मदद मिलती है। मशीन को हमेशा हवादार जगह पर रखें और ऐसी जगह लगाने से बचें, जहां सीधे बारिश या अधिक नमी का असर पड़ता हो। इससे वॉशिंग मशीन काफी लंबे समय तक बेहतर स्थिति में बनी रहती है। वॉशिंग मशीन के बिजली कनेक्शन, पावर सॉकेट और अर्थिंग की समय-समय पर जांच कराते रहें, ताकि नमी से होने वाली खराबी से बचा जा सके। अगर मशीन से बदबू आने लगे, पानी ठीक से बाहर न निकले या कोई दूसरी समस्या दिखे तो तुरंत जांच कराएं। समय पर सर्विस कराने से छोटी खराबी बड़ी नहीं बनती और मशीन की कार्यक्षमता तथा उम्र दोनों लंबे समय तक बेहतर बनी रहती हैं।





# Hydrogen future of transportation industry': Nitin Gadkari says trials under way on 10 routes"



**New Delhi, Agency:** Union minister Nitin Gadkari on Thursday said hydrogen will play a defining role in the future of transportation, with the government already conducting pilot projects on 10 highway corridors to test hydrogen-powered mobility solutions.

The ongoing trials are being carried out on the Greater Noida-Delhi-Agra, Bhubaneswar-Konark-Puri, Ahmedabad-Vadodara-Surat, Sahibabad-Faridabad-Delhi, Pune-Mumbai, Jamshedpur-Kalinga Nagar, Thiruvananthapuram-Kochi, Kochi-Edappally, Jamnagar-Ahmedabad and NH-16 Visakhapatnam-Bayyavaram routes.


Addressing the Prawaas 5.0 and Bharat Prawaas Awards event in Gandhinagar, Gadkari said the government's hydrogen initiative was part of a broader push towards cleaner mobility.

"Our ministry is doing a pilot project on ten routes for hydrogen trials. I am sure the future of the transportation industry is hydrogen, and hydrogen is the fuel of the future, and we are working on that," Gadkari was quoted as saying by news agency PTI.

The minister said India's automobile industry was making significant progress in developing alternative fuel and biofuel technologies and expressed confidence that the country would emerge as a global leader in both innovation and cost competitiveness.

He also urged vehicle manufacturers and transport operators to focus on improving passenger comfort by adopting advanced technologies while ensuring affordability. "The initiatives taken by the automobile industry in developing buses are very important, and manufacturers and transporters should think about having good, comfortable transport from a technological point of view with world-standard technology. The duty of our manufacturers is to give more comfort with reasonable economic value," he said. Highlighting road safety as another major priority, Gadkari said India records nearly five lakh road accidents every year, resulting in around 1.8 lakh deaths. He noted that nearly 66 per cent of those killed are between 18 and 36 years of age, while road accidents also account for an estimated 3 per cent loss to the country's GDP. "It (accidents) also causes 3 per cent GDP loss.

# MHA unveils four-layer 'smart border' grid, cites J&K, Northeast gains



**New Delhi, Agency:** The Union home ministry on Thursday said the Modi government is building a strong four-layer security grid by bringing together border guarding forces, state and district administrations, other central government agencies, and local people to strengthen border security.

The ministry said the government's vision of a "smart border" will make India's border security system one of the most modern in the world in the coming years.

The Smart Border initiative came as a part of the Modi government's broader strategy to eliminate Naxalism and enforce a "zero tolerance" policy against terrorism in Jammu and Kashmir and across India.

Amit Shah-led ministry said a secure border, a prosperous border region and an alert society together are essential for the country's security. He added that India has been freed from naxalism as well as terrorism in Jammu and Kashmir and the Northeast, calling it a result of the country's collective efforts.

The government aims to deal a major blow to the narcotics network and achieve victory over the drug menace within the next three years.

The MHA said the government is creating a strong system to make India completely free from infiltration and ensure that illegal infiltration does not take place. "Earlier, problems used to be permanent and solutions temporary. Under the Modi government, we are striking at the roots of the problems and making the solutions permanent," the home ministry said.

According to Shah-led ministry, PM Modi-led government has increased border infrastructure by 400 per cent and is expanding it through a scientific approach. Under the Vibrant Villages Programme, Prime Minister Narendra Modi has described the country's last village as its "first village". The initiative aims to prevent migration, create employment opportunities and ensure that government welfare schemes reach every eligible beneficiary.

The home ministry also said Prime Minister Modi has launched the Demography Mission to study demographic changes, identify abnormal factors behind population growth, and recommend measures to address them. Modi government has attested to its commitment of tackling of unnatural demographic growth caused by abnormal factors with a "ruthless approach".



# E25 only being tested, no rollout decision yet: Puri

**New Delhi, Agency:** Petroleum minister Hardeep Singh Puri on Thursday said E25 (petrol with 25% ethanol) is "only being tested" and no decision has been taken on its rollout, dismissing speculation over the issue.

"We have not even decided on it and E25 is only being tested now," he said, adding that the timeline for testing the fuel is not clear. Puri has maintained that the govt would complete scientific studies and consult all stakeholders before taking any decision. Road transport minister Nitin Gadkari told Media that the petroleum ministry will take a call on matters relating to vehicle fuel. "Ethanol has a lower calorific value and has a minor impact on mileage. But that also depends on road and traffic conditions. I have always maintained that people should have a choice of alternative fuels available in different regions. For example, if a region has availability of methanol, which is cost-effective, people can opt for it. People can go for flex-fuel vehicles where higher blends of ethanol are available," he said. Speaking to a private TV channel, Puri said Gadkari had issued an invitation to anyone who suffered engine damage due to blended fuel to approach him.

# SC: Failure to report child sex abuse invites Pocso action



**New Delhi, Agency:** Supreme Court Thursday ruled that any person who has knowledge that an offence under the Protection of Children from Sexual Offences (Pocso) Act has been committed but fails to report it to the police is liable for punishment under the law, and allowed prosecution of the headmistress of a school who did not inform the police despite a student telling her that she had been raped.

Noting that the word "knowledge" has not been defined under the Pocso Act, a bench of Justices Manoj Misra and K V Viswanathan said the words "has knowledge that such an offence has been committed" cannot be limited to direct knowledge of the commission of the offence, but would include awareness of its commission based on direct information received from the victim.

# Punjab ex-min kingpin of fake iPhone export scam: ED chargesheet



**New Delhi, Agency:** ED has filed a chargesheet against former Punjab cabinet minister and AAP neta Sanjeev Arora, accusing him of being the kingpin of a fake iPhone export scam where consignments were falsely shown to have been sent to Dubai using bogus purchase bills and export documents to launder Rs 103 crore.

Arora has been in judicial custody since his arrest by ED on May 9. His bail plea has been rejected by a Gurgaon court and an appeal is pending before Punjab and Haryana HC.

The prosecution complaint, filed before a special court in Gurgaon on July 6, is learned to have details of how around Rs 100 crore was allegedly passed off as money received from Dubai for export of iPhones. It consisted of "export remittance" of Rs 87 crore and Rs 16 crore in IGST and duty drawback refund.

The agency has alleged that "sham export transactions" were structured through fictitious procurement, related overseas buyers and circular fund movement. The total quantum of alleged iPhone sales has been estimated at over Rs 150 crore, of which over Rs 100 crore worth were exported to a Dubai-based company which is an investor in Arora's realty firm, sources said. ED has attached assets linked to the AAP politician and his realty firm, Hampton Sky Realty Ltd, worth over Rs 55 crore. This includes bank accounts, fixed deposits, land, commercial premises and residential apartments in Ludhiana, Gurgaon and Chandigarh. An account in ICICI Bank that received over Rs 100 crore of export proceeds has Arora as its signatory, says the chargesheet.

The agency has made Arora accused No. 1 in its chargesheet. The probe is based on an FIR registered against him and Hampton Sky Realty Ltd by Udyog Vihar police in Gurgaon on April 18.

# Farooq invites BJP, casts wide net for J&K statehood protest



**Srinagar, Agency:** National Conference (NC) president Farooq Abdullah reached across political divides, inviting BJP in J&K, Hurriyat chairman Mirwaiz Umar Farooq, Congress and other INDIA bloc politicians to join party's July 20 protest at New Delhi's Jantar Mantar demanding restoration of statehood to the Union territory.

NC spokesperson Tahir Sayeed said Thursday invitations have gone to 52 political parties and politicians, including YSR Congress Party chief YS Jagan Mohan Reddy, BRS chief K Chandrashekar Rao, Shiromani Akali Dal's Sukhbir Singh Badal, Shiv Sena (UBT)'s Uddhav Thackeray and AAP's Arvind Kejriwal. In J&K, invites have been sent to BJP's Sat Sharma, Ghulam Nabi Azad, Mehbooba Mufti, Engineer Rashid, Sajad Lone, Altaf Bukhari and Mirwaiz. "We have invited J&K BJP president as this is our collective fight for J&K. It is not about any political party, it is about the constitutional rights of J&K," Sayeed said. The protest coincides with opening day of Parliament's monsoon session.

# Once-a-week insulin shots arrive in India; but not for all: Doctors



**New Delhi, Agency:** Almost 104 years after daily insulin shots were first introduced, Indian patients with diabetes now have access to a once-a-week alternative.Danish drugmaker Novo Nordisk on Thursday introduced Awiqli (insulin icodec), the country's first weekly basal insulin for adults with Type 1 and Type 2 diabetes. India is among the dozen countries where the product was launched. For doctors, however, the arrival of the drug is less about replacing daily insulin than expanding treatment options. India has an estimated 101 million people living with diabetes and another 136 million with prediabetes, making it one of the world's largest diabetes populations. In patients with diabetes, insulin - the hormone that allows cells to use glucose for energy - either isn't produced at all or the body's cells fail to use it properly. While everyone with Type 1 diabetes requires insulin, Type 2 diabetes patients need it only when oral medicines can no longer control their sugar levels, either once or twice a day.

Awiqli reduces injections from 365 days a year to 52 days. Novo Nordisk said it could help overcome one of the biggest barriers to insulin therapy in India - fear of daily injections - which often delays insulin initiation by seven to nine years. The company said clinical trials of more than 4,000 adults, including Indian participants, showed better HbA1c reduction than daily basal insulin.

Delhi-based endocrinologist Dr Anoop Misra said the biggest advantage was fewer injections. "There has been little innovation in basal insulin for nearly two decades. Fewer needle pricks may encourage patients to start insulin when they need it," he said.

Doctors cautioned, however, that the weekly insulin is unlikely to replace daily injections for everyone. Endocrinologist Dr Shashank Joshi of Lilavati Hospital said patients would still require regular blood sugar monitoring.

# CBI files first chargesheet in Reliance Home Finance Limited case

**New Delhi, Agency:** The CBI on July 9 filed the first chargesheet in the Reliance Home Finance Limited (RHFL) case before a special court in Mumbai, against four accused. The accused are Reliance Home Finance Limited (RHFL), two former senior executives of the company namely Ravindra Sudhalkar (Executive Director & CEO) and Krishanan Gopalakrishnan Iyer (Chief Risk Officer) and former senior executive of Reliance Capital Ltd, Dhananjay Bhagwanprasad Tiwari (Chief Credit & Risk Officer) for offences of criminal conspiracy and cheating with intent to cause huge losses to public sector banks. The chargesheet is based on the investigation conducted by the CBI, which has revealed that funds borrowed by Reliance Home Finance Limited were diverted through intermediary and conduit entities to various Reliance ADA Group companies, in violation of the terms and conditions governing such borrowings, thereby causing wrongful loss to the lending banks and corresponding wrongful gain to the accused persons and related entities.

The CBI had registered the case on the basis of complaints received from Union Bank of India and other PSU banks of the consortium.

# J&K orders screening of books with 'anti-national' content, opposition slams move



**Srinagar/ Jammu, Agency:** J&K govt and University of Kashmir have launched a comprehensive review of books, directing heads of departments and school principals to remove any material deemed "controversial" or "anti-national".The move follows last week's withdrawal and political row over a book for govt school libraries that described the region as "India-occupied Kashmir" and "Indian-held Kashmir", and referred to banned JKLF founder Maqbool Bhat as "Shaheed". The latest order for a review has drawn sharp reaction from Srinagar MP Aga Ruhullah Mehdi of the governing National Conference (NC), who called the decision "deeply troubling." "Libraries exist to preserve knowledge, not curate political narratives. Erasing books does not erase history. It only impoverishes scholarship. Academic freedom and the right to engage with history must never become casualties of ideological control," Mehdi said. PDP legislator Waheed Parra echoed the criticism, describing the review as "the process of unhistory." On July 4, J&K lieutenant governor Manoj Sinha ordered withdrawal of two books -- Personalities and Legends of J&K by Hilal Ahmad and Santosh Meena, and Great Personalities of Jammu and Kashmir by Sushant Giri over "highly inappropriate content". Personalities and Legends of J&K had the references to "India-occupied Kashmir" and Bhat, who was hanged and buried in Tihar jail in Feb 1984 after being convicted of killing a CID inspector. Sinha, appointed by the Centre, oversees law and order in the Union territory of J&K. University of Kashmir registrar Naseer Iqbal confirmed orders to remove books with "anti-national content".